NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
# विजडम इंडिया
निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति
EMAIL: sheelshukla100@gmail.com
लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 13 अंक: 353 लखनऊ, शुक्रवार 09 अगस्त 2024 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## 10 अगस्त को पीएम मोदी जाएंगे वायनाड, हवाई यात्रा के जरिए लेंगे जायजा

, t l hA

नई दिल्ली केरल सरकार ने कहा कि 30 जुलाई को वायनाड जिले में हुए भीषण भूस्खलन के बाद लापता हुए लोगों की पूरी सूची जल्द ही जारी की जाएगी। सरकार की ओर से लापता लोगों की सटीक सूची तैयार की जा रही है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी 10 अगस्त को वायनाड का दौरा करेंगे। उनसे उस तबाही का हवाई सर्वेक्षण करने की उम्मीद है जिसमें 300 से अधिक लोगों की जान चली गई। स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, एक सप्ताह से अधिक समय पहले उत्तरी केरल जिले में हुए भारी भूस्खलन के बाद 138 लोग अभी



भी लापता हैं। भूस्खलन प्रभावित चूरलमाला और मुंडक्कई क्षेत्रों से लापता लोगों की तलाश अभी भी जारी है और सेना और नौसेना सहित विभिन्न बलों के 1,026 कर्मी, 500 से अधिक स्वयंसेवक और भारी मशीनरी वहां तैनात की गई है। केरल सरकार ने कहा कि 30 जुलाई को वायनाड जिले में हुए भीषण भूस्खलन के बाद लापता हुए लोगों की पूरी सूची जल्द ही जारी की जाएगी। सरकार की ओर से लापता लोगों की सटीक सूची तैयार की जा रही है। वायनाड आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करें लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार से केरल के वायनाड में हालिया आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का आह्वान किया। शून्यकाल के दौरान बोलते हुए, गांधी ने प्रभावित लोगों के लिए उच्च मुआवजे की भी मांग की। वायनाड भूस्खलन को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, ष्मैंने इसे अपनी आँखों से देखा। मैंने कई अलग–अलग स्थानों का दौरा किया जहां आपदा हुई थी। कुछ मामलों में, एक पूरा परिवार चला गया है, केवल एक व्यक्ति बचा है , कभी–कभी कोई वयस्क या बच्चा।ष उन्होंने आपदा के दौरान मदद करने वालों के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

## एक–दूसरे की बैसाखी के सहारे आगे बढ़ना चाहते हैं कांग्रेस–सपा

संवाददाता।

लखनऊ सूत्र बता रहे हैं कि यूपी 10 सीटों के लिये उपचुनाव इन दोनों राज्यों के विस चुनाव के साथ अक्टूबर में होंगे। यूपी में करहल, सीसामऊ, मिल्कीपुर, कटेहरी, कुंदरकी, खैर, गाजियाबाद, फूलपुर, मझवां, और मीरापुर में उपचुनाव होने हैं।लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस को बैसाखी का सहारा देने वाले समाजवादी पार्टी के प्रमुख अब हरियाणा और महाराष्ट्र में अपनी पार्टी को खड़ा करने के लिये कांग्रेस से बैसाखी का सहारा मांग रहे हैं। इसी गिव एंड टेक फार्मूले के चलते सपा और कांग्रेस की दोस्ती में खटास नजर आने लगी है, जिसके चलते अभी तक यूपी की 10 विधान सभा सीटों पर होने वाले उप–चुनाव



के लिये सीटों कें बंटवारें को सपा–कांग्रेस में सहमति नहीं बन पाई है, जबकि लोकसभा के बाद विधानसभा चुनाव में भी यह दोस्ती जारी रखने के लिए दोनों दलों के नेताओं के बीच कई दौर की वार्ता हो चुकी है, पर अभी तक अंतिम नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। कांग्रेस जहां यूपी में 10 सीटों पर होने वाले उपचुनावों में हिस्सेदारी चाहती है, वहीं समाजवादी पार्टी ने महाराष्ट्र व हरियाणा के विध ानसभा चुनाव में कांग्रेस से अपने लिये कुछ सीटें मांगी है। महाराष्ट्र व हरियाणा में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव के समय ही यूपी विधानसभा के लिये भी उपचुनाव होने हैं।सूत्र बता रहे हैं कि यूपी 10 सीटों के लिये उपचुनाव इन दोनों राज्यों के विस चुनाव के साथ अक्टूबर में होंगे। यूपी में करहल, सीसामऊ, मिल्कीपुर, कटेहरी, कुंदरकी, खैर, गाजियाबाद, फूलपुर, मझवां, और मीरापुर में उपचुनाव होने हैं। इंडिया गठबंधन के सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस यूपी में दो सीटों पर उपचुनाव लड़ना चाहती है। इस बारे में दोनों पार्टियों के शीर्ष नेतृत्व के बीच कई राउंड की वार्ता भी हो चुकी है। सपा से राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व प्रमुख महासचिव रामगोपाल यादव और कांग्रेस से राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व महासचिव केसी वेणुगोपाल इस वार्ता में शामिल रहे थे। वहीं समाजवादी पार्टी ने हरियाणा में

## मुख्यमंत्री ने नाग पंचमी पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

लखनऊ(आरएनएस) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाग पंचमी के पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी है। आज यहां जारी एक बधाई सन्देश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में जीव–जन्तु समेत इस चराचर जगत के साथ आत्मीय सम्बन्ध जोड़ने की समृद्ध एवं प्राचीन परम्परा है। नाग पंचमी का पर्व प्रकृति के साथ हमारे इस जुड़ाव का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नाग पूजा का प्रचलन प्राचीन काल से प्रचलित है। हमारे धर्मशास्त्रों में नाग जागृत कुण्डलिनी शक्ति का प्रतीक है। सृष्टि के पालनकर्ता भगवान विष्णु शेषनाग पर ही शयन करते हैं। शेषनाग छत्र बनकर उन्हें छाया प्रदान करते हैं। ज्ञान और मोक्ष के प्रदाता भगवान शिव के आभूषण ही सर्प एवं नाग हैं। सावन में भगवान शिव के पूजन का विशेष महत्व है। श्रावण मास में नाग पंचमी भगवान शिव संग नागों की पूजा के लिए प्रसिद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शक्ति के प्रतीक नाग पंचमी के पर्व पर हमारे समाज में पारम्परिक रूप से कुश्ती आदि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, जिसमें जनता उत्साह के साथ प्रतिभाग करती है। पर्व एवं त्योहार को शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से आयोजित करने की अपील करते हुए सभी प्रदेशवासियों को नाग पंचमी की मंगलमय शुभकामनाएं।

## बेंगलुरु के पास 8 महीने की गर्भवती महिला बाइक से गिरी, ट्रक ने कुचल दिया

एजेंसी।

नई दिल्ली दोपहिया वाहन पर अपने पति के साथ पीछे बैठी 25 वर्षीय गर्भवती महिला की बुधवार को बेंगलुरु के बाहरी इलाके नेलमंगला में यदेहल्ली के पास एक ट्रक के पहिये के नीचे आने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना सुबह करीब 8 बजे हुई जब सिंचना अपने 29 वर्षीय पति मंजूनाथ के साथ दोपहिया वाहन पर पीछे बैठी यात्रा कर रही थी। बेंगलुरु ग्रामीण जिले के



नेलमंगला तालुका के बिलानाकोटे गांव के पास तोतनहल्ली के रहने वाले दंपति श्री शिवगंगे मंदिर में पूजा करने के बाद लौट रहे थे।नेलमंगला पुलिस स्टेशन के एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि जल्ली पत्थर ले जा रहा ट्रक आगे चल रही कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की बस से बचने के लिए अचानक बाईं ओर मुड़ गया और उस दोपहिया वाहन से टकरा गया जिसमें दंपति यात्रा कर रहे थे। सिंचना और मंजूनाथ बाइक से गिर गए और वह ट्रक के पिछले पहिये के नीचे आ गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।एक यातायात पुलिस अधिकारी ने कहा कि उन्हें संदेह है कि ट्रक चालक तेज गति से गाड़ी चला रहा था और बस से बचने के लिए उसने नियंत्रण खो दिया।दुर्घटना में मंजूनाथ को मामूली चोटें आईं और उन्हें नेलमंगला सरकारी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

## सीएम के फर्जी अश्वडियो क्लिप के जरिए मणिपुर में शांति भंग करने की कोशिश, सरकार ने लिया संज्ञान

एजेंसी। मणिपुर

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित की जा रही है। राज्य सरकार ने एक बयान में कहा, यह छेड़छाड़ किया गया ऑडियो कुछ वर्गों द्वारा सांप्रदायिक हिंसा भड़काने या कई स्तरों पर शुरू की गई शांति की प्रक्रिया को पटरी से उतारने का एक दुर्भावनापूर्ण प्रयास है।मणिपुर सरकार ने गुरुवार को कहा कि पुलिस एक ऑडियो क्लिप की उत्पत्ति की जांच कर रही है, जिसमें कथित तौर पर मुख्यमंत्री बीरेन सिंह द्वारा कुछ समुदायों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। सरकार ने क्लिप को श्फर्जीश करार दिया और कहा कि इसे जातीय हिंसाग्रस्त राज्य में चल रही शांति प्रक्रिया को बाधित करने के प्रयास में सोशल मीडिया पर जारी किया गया था। सरकार के संज्ञान में आया है कि एक ऑडियो रिकॉर्डिंग, जिसे मणिपुर के मुख्यमंत्री का होने का झूठा दावा किया जा रहा है, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित की जा रही है। राज्य सरकार ने एक बयान में कहा, यह छेड़छाड़ किया गया ऑडियो कुछ वर्गों द्वारा सांप्रदायिक हिंसा भड़काने या कई स्तरों पर शुरू की गई शांति की प्रक्रिया को पटरी से उतारने का एक दुर्भावनापूर्ण प्रयास है। बयान में रिहाई को शांति पहल को बाधित करने की साजिश करार देते हुए कहा गया, मणिपुर पुलिस सक्रिय रूप से मामले की जांच कर रही है और इस बदनाम अभियान की उत्पत्ति को उजागर करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## नगर पालिका परिषद् अस्पताल टांडा मे इनपेशेंट डिपार्टमेंट एवं इमरजेंसी सुविधा जल्द

### टांडा की जनता में भी खुशी की लहर

रामपुर । सात अगस्त को नगर पालिका परिषद टांडा,रामपुर के अधिशासी अधिकारी श्री पुनीत कुमार एवं अध्यक्ष पति श्री हाजी सरफराज ने संयुक्त रूप से नगर पालिका परिषद् अस्पताल







टांडा का दौरा कर निरिक्षण किया। संयुक्त रूप से अधिशासी अधिकारी एवं अध्यक्ष पति / प्रतिनिधि महोदय ने रोगी पंजीकरण पंजिका, दवा के निःशुल्क वितरण की विवरणिका, अस्पताल कर्मियों की उपस्थिति एवं अस्पताल की बिल्डिंग का सम्पूर्ण निरीक्षण किया. रोगी पंजीकरण पंजिका, दवा के निःशुल्क वितरण की विवरणिका, अस्पताल कर्मियों की उपस्थिति को लेकर अधिशासी अधिकारी श्री पुनीत कुमार जी एवं अध्यक्ष पति 2 प्रतिनिधि श्री हाजी सरफराज ने संतोष जताया साथ ही प्रसन्नता व्यक्त की ये अस्पताल सुचारू रूप से टांडा की जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार जी ने इस जानकारी पर भी हर्ष जताया कि अस्पताल कि स्थापना से ही कभी ऐसा नहीं हुआ कि इस अस्पताल में कभी किसी मरीज को मुफ्त दवा ना मिल पायी हो। अध्यक्ष पति ध् प्रतिनिधि हाजी सरफराज ने निरीक्षण उपरांत कहा कि ये नगर पालिका परिषद् अस्पताल के लिए गर्व का विषय है कि अब यहाँ पर टांडा से भी बाहर के लोग आकर इस अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं एवं निःशुल्क दवाओं का लाभ ले रहे हैं। इस पूरे निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के प्रबंधक निदेशक श्री शील शुक्ला, सह प्रबंधक सुश्री शिवानी शर्मा, रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर डॉ खेमेंद्र भी उपलब्ध रहे।

श्री शील शुक्ला द्वारा अस्पताल कि जर्जर बिल्डिंग की मेंटेनेंस की मांग को अधिशासी अधिकारी एवं अद्याक्ष पति ध् प्रतिनिधि महोदय ने गंभीरता से लिया, बारिश के बावजूद मेनगेट से बिल्डिंग के सबसे उपरी भाग तक जाकर दौरा किया। तत्पश्चात अधिशासी अधिकारी एवं अध्यक्ष पति ध् प्रतिनिधि महोदय ने आश्वस्त किया कि अस्पताल का पुनरोद्धार शीघ्र ही जाएगा, साथ ही टांडा कि गरीब जनता के लिए अस्पताल में इनपेशेंट डिपार्टमेंट एवं इमरजेंसी सुविधा शुरू किये जाने हेतु हर प्रकार के इंफ्रास्ट्रक्चर को उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।इस आश्वासन के बाद टांडा की जनता में भी खुशी की लहर है। इसके अलावा अस्पताल के निदेशक श्री शील शुक्ला ने अधिशासी अधिकारी एवं अध्यक्षपति प्रतिनिधि महोदय को जानकारी देते हुए बताया कि अखिल







भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली एवं एनसीआई नेशनल कैंसर इंस्टिट्यूट अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान झज्जर के नेतृत्व में देश में बढ़ रहे बेतहासा कैंसर रोगियों के कल्याण के लिए, कैंसर पर एक रिसर्च बेस्ड प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट में इलेक्ट्रोहोमियोपैथी के पाली हर्बल तकनीक के अंतर्गत कैंसर के इलाज में प्रयोग की जा रही है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान अधिकृत कैंसर सम्बंधित प्रोजेक्ट में इलेक्ट्रोहोमियोपैथी के पाली हर्बल तकनीक को कैंसर इलाज में सकारात्मक माना है। इसी क्रम में कैंसर के खिलाफ लड़ाई में नगर पालिका परिषद् अस्पताल, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली,एनसीआई नेशनल कैंसर इंस्टिट्यूट अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान झज्जर के नीति निर्देशन को फॉलो करते हुए इलेक्ट्रोहोमियोपैथी के पाली हर्बल तकनीक आधारित एक "कैंसर पैन एंड पेलिएटीव केयर यूनिट" की स्थापना की जायेगी। देश की कैंसर रोधी इस महत्वपूर्ण पहल पर नगर पालिका परिषद् अस्पताल, की योजना "कैंसर पैन एंड पेलिएटीव केयर यूनिट" को अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार एवं अध्यक्ष पति ध् प्रतिनिधि सरफराज ने इसे टांडा की जनता के लिए लोक कल्याणकारी बताया।

## स्वतंत्रता दिलाने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व शहीदों को स्मरण कर नमन किया

लखनऊ। अगस्त क्रांति के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष – पूर्व मंत्री अजय राय के नेतृत्व में काकोरी शहीद स्मारक पर तिरंगा यात्रा निकाली। इस अवसर पर अजय राय ने काकोरी स्थित शहीद स्मारक में शहीद चंद्रशेखर आजाद , शहीद भगत सिंह, शहीद अशफाक उल्ला खां, शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, शहीद राजगुरु, और शहीद सुखदेव, के मूर्ति पर माल्यार्पण किया और शहीद स्मारक पर वृक्षारोपण किया, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने देश को स्वतंत्रता दिलाने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व शहीदों को स्मरण कर नमन किया, और अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए , इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष – पूर्व मंत्री अजय राय के साथ कांग्रेस नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सामाजिक संगठन के लोग उपस्थित रहे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद बोलते हुए कहा कि आज के दिन 8 अगस्त को हुई अगस्त क्रांति ऐसी क्रांति थी जिसने देश के लोगों के अंदर स्वतंत्रता पाने की भावना को जन जागरण आंदोलन में बदल दिया, और गांधी जी के बॉम्बे के गोवालिया टैंक मैदान में दिए नारे अंग्रेजों भारत छोड़ो और करो या मरो के नारे से उपजी स्वतंत्रता पाने की चाहत घर घर पहुंच गई। अजय राय ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन की ये महत्वपूर्ण तिथियां हमें हमारे वीर शहीदों का स्मरण कराती हैं और हमें अपनी स्वतंत्रता को कायम रखने के लिए प्रतिबद्धता को दोहराती हैं, क्योंकि चाहे वह समय रहा हो और चाहे यह समय हो हर समय स्वतंत्रता के खिलाफ भी तमाम उस समय के जनसंघ और ै के लोग खड़े रहे थे जो आज भी अपने जहन में लोगों की स्वतंत्रता छीनने के लिए प्रयासरत हैं , उन्होंने अपने नाम अपने भेष बदल दिए लेकिन उनके अंदर का चरित्र वही है, इसलिए हमें सदैव अपनी स्वतंत्रता को लेकर जागरूक रहना होगा और ऐसे लोग जो देश की एकता अखंडता को कमजोर करने के लिए आपस में बांटने की राजनीति करते हैं उनसे सतर्क रहना होगा, जैसे उस समय हमारे पूर्वज अंग्रेजों से नही डरे, मौलाना अबुल कलाम आजाद, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल हमारे प्रिय बापू राष्ट्रपिता गांधी जी, बाबू जगजीवन राम जी, यूसुफ अली, जैसे लाखों लोग जिन्हें प्रताड़नाएं दी गईं,अंग्रेजों ने जेल भेजा, सैकड़ों लोग शहीद हुए उनके कर्ज और त्याग को हम याद करें और देश तोड़ने वालों को मुंहतोड़ जवाब दें। आज के अगस्त क्रांति के कार्यक्रम में आयोजित तिरंगा यात्रा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी ,मोहम्मद हनीफ और कांग्रेस नेताओं ने काकोरी शहीद स्मारक पर निकाली , इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव पांडे, प्रदेश महासचिव ध्प्रभारी लखनऊ सैफ अली नकवी, प्रदेश सचिवध् सह प्रभारी अतुल सिंह, प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, सहित हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन के लोग उपस्थित रहे।

## नद बाबा पुरस्कार हेतु 57.656 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में दुग्ध विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत भारतीय गोवंश की गाय के दूध में वृद्धि करने हेतु कृषकों को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए 'नन्द बाबा पुरस्कार' प्रदान करने हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में 57.656 रूपये (रूपये सत्तावन लाख पैंसठ हजार छः सौ मात्र) की धनराशि को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में दुग्ध विकास विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए दुग्ध आयुक्त, दुग्धशाला विकास, उ0प्र0 को आवश्यक दिशा–निर्देश दे दिये गए हैं।

## दयाशंकर सिंह ने अस्पताल में भर्ती बच्चों से स्वास्थ्य की जानकारी ली

लखनऊ(आरएनएस)। परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जनपद देवरिया के (प्रभारी) मंत्री दयाशंकर सिंह आज जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के साथ राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, मेहरौना में हुई फूड प्वॉइजनिंग की घटना से प्रभावित छात्रों का कुशलक्षेम जानने महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज पहुंचे। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश बरनवाल ने प्रभारी मंत्री को चिकित्सारत बच्चों के स्वास्थ्य के विषय में जानकारी दी। बच्चों तथा उनके अभिभावकों से सीधा संवाद कर मिल रही चिकित्सीय सुविधा के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिस पर सभी लोगों ने संतोष जताया। उन्होंने बच्चों तथा अभिभावकों को हर संभव सहयोग के लिए आश्वस्त भी किया।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


# स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण का पांच साल का ब्लू प्रिंट तैयार'

## डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बीएमजीएफ के साथ एमओसी का किया विस्तार

## हस्ताक्षर समारोह में अगले पांच वर्षों के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हुई चर्चा

लखनऊ(आरएनएस)। यूपी की स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने के लिए पांच वर्ष का ब्लू प्रिंट तैयार किया गया है। गुरुवार को एनेक्सी सभागार में सरकार एवं बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ) के मध्य मेमोरेंडम ऑफ को–ऑपरेशन (एमओसी) का पांच साल विस्तार किया गया। डिप्टी सीएम और फाउंडेशन के पदाधिकारियों के मध्य एमओसी का आदान–प्रदान हुआ।डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश के लोगों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। प्रदेश सरकार और बीएमजीएफ मिलकर मरीजों के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस हस्ताक्षर समारोह में 11 जून, 2024 से 10 जून 2029 तक एमओसी का विस्तारीकरण किया गया। पांच साल के लिए बढ़ाया गया यह अनुबंध प्रदेश सरकार के तय लक्ष्यों और प्राथमिकताओं को प्राप्त करने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि हमने प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक गणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का जो लक्ष्य तय किया है, उस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।उन्होंने बताया कि प्रदेश में 207 इंसेफेलाइटिस ट्रीटमेंट सेंटर्स (ईटीसी) की स्थापना की गई है। सिजेरियन डिलीवरी और नवजात शिशुओं की आपातकालीन देखभाल में भी सुधार हुआ है। टेली कंसल्टेशन सेवा ई–संजीवनी एप के माध्यम से पूरे प्रदेश में लागू की गई है। दो करोड़ से अधिक मरीज इस सेवा का लाभ ले चुके हैं। इस वर्ष 85 प्रतिशत बच्चों का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है। डिप्टी सीएम ने जानकारी दी कि राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को सशक्त बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने फाउंडेशन को सरकार की मदद करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित भी किया।कार्यक्रम में राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, प्रमुख सचिव पार्थसारथी सेन शर्मा, सचिव रंजन कुमार, एनएचएम की एमडी पिंकी जोएल, बीएमजीएफ के इंडिया हेड हरि मेनन, विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी, महानिदेशक स्वास्थ्य ब्रजेश राठौर, महानिदेशक परिवार कल्याण नरेंद्र अग्रवाल, बीएमजीएफ निदेशक डॉ. रजनी रंजीत वेद, बीएमजीएफ उप निदेशक डॉ. देवेंद्र सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

'लोगों को दवा मिलना हुआ आसान'उन्होंने बताया कि मातृ मृत्यु दर में कमी आई है। जिला स्तर पर दवा गोदामों की स्थापना से आमजन को दवाएं मिलना सुलभ हुआ है। दिमागी बुखार, जापानी इंसेफेलाइटिस अब लोगों की मृत्यु का कारण नहीं बनता। स्वास्थ्य प्रणाली का डिजिटलीकरण हुआ है। राज्य में 22,473 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं। 43 जिलों में 403 ब्लॉकों को कवर करते हुए 204 स्वयं सहायता समूहों के नेतृत्व वाली टेक होम राशन (टीएचआर) इकाइयां स्थापित की गई हैं। पीएमजेएवाई योजना के तहत राज्यभर में 5506 अस्पतालों को सूचीबद्ध किया गया है। 'इन बिंदुओं पर हुई चर्चा'–मातृ–नवजात एवं बाल स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, मातृ एवं बाल पोषण–संचारी रोगः टीबी, काला अजार, लिम्फैटिक फाईलेरिया और दिमागी बुखार (एईएस)–टीके द्वारा रोकथाम की जाने वालीं बीमारियां (साथ ही नियमित टीकारण कार्यक्रम का सुदृढ़ीकरण–जन समान्य को गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना, मरीजों की समुचित देखभाल और उनकी वित्तीय सुरक्षा को बेहतर करना।–स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से स्वास्थ्य और पोषण आधारित गतिविधियों का एकीकरण एवं आजीविका के अवसरों के लिए महिलाओं को सक्षम बनाना।

# डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ एवं कल्याण सिंह कैंसर संस्थान





संवाददाता।

लखनऊ तथा जपाईगो संस्था के साथ जनपद अमेठी में चलाए जा रहे सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग, जागरूकता तथा उपचार के क्रम में कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला में पार्थ सारथी सेन शर्मा प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश लखनऊ डॉक्टर श्रीमती पिंकी जोवल मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश निदेशक डॉक्टर राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ विभाग अध्यक्ष अंकोलाजी विभाग कल्याण सिंह कैंसर संस्थान एवं एन0सी0डी0 हेड एवं मदन मोहन मालवीय कैंसर संस्थान वाराणसी की उपस्थिति में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से जनपद अमेठी के जगदीशपुर में विगत दो वर्षों से संचालित सर्वाइकल कैंसर कार्यक्रम में महत्वपूर्ण गतिविधियों की चर्चा की गई साथ ही अमेठी मॉडल का व्हाइट पेपर एवं बुकलेट का अनावरण किया गया जिस मौके पर जनपद अमेठी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह एवं अमेठी टीम को डॉक्टर अलका शर्मा संयुक्त निदेशक राज्य नोडल अधिकारी एमडी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ तथा डॉ लक्ष्मण सिंह महाप्रबंधक एमसीडी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया जिसमें उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारी एन0सी0डी0 डॉ0 प्रवीण कुमार उपाध्याय जिला कार्यक्रम प्रबंधक वसंत कुमार राय एवं मॉनिटरिंग इवैल्यूएशन ऑफिसर श्री श्री राज तथा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर डॉक्टर प्रदीप तिवारी एवं जगदीशपुर डॉ0 इला सिंह, डॉ0 प्रीति सिंह एवं क्षेत्र अंतर्गत पांच सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी दिव्या गुप्ता पूजा बढ़ाना मल्लिका सिंह बबली पाल सुमन देवी एवं पांच आशा अंजू सिंह पुष्पा मौर्या सुनीता श्रीवास्तव सुशीला सरोज अमृता श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया एवं अमेठी मॉडल में विशेष सहयोग हेतु डॉ अंशुमान सिंह , मुख्य चिकित्सा अधिकारी जनपद अमेठी की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया

# वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक से बंद होगी लूट – मोहसिन रजा

लखनऊ(आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के नेता व उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री मोहसिन रजा ने केन्द्र सरकार के वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक का स्वागत करते हुए कांग्रेस पर हमला बोला है। मोहसिन रजा ने गुरुवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा अपने वोट बैंक की राजनीति के चलते वक्फ बोर्ड को अपार शक्तियां प्रदान की गईं। इससे वक्फ बोर्ड्स अनियंत्रित होकर मनमाने ढंग से जिसकी चाही उसकी संपत्तियों को वक्फ में दर्ज कर लिया। कांग्रेस द्वारा वक्फ बोर्डों को प्रदान की गई असीमित शक्तियों द्वारा जो वक्फ संपत्तियां कभी 04 लाख एकड़ हुआ करती थीं आज वो 08 लाख एकड़ हो गई हैं। अगर ये सिलसिला इसी तरह जारी रहता तो तो हिंदुस्तान एक दिन वक्फीस्तान बन सकता था।कांग्रेस बाबा साहब के समानता के अधिकारों के संविधान में विश्वास नहीं रखती है बल्कि वह किसी वर्ग विशेष को तो विशेषता के अधिकार देना चाहती थी। कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति के लिए जानी जाती है। कांग्रेस के इन्हीं कृत्यों को रोकने के लिए जनता को न्याय देने के लिए, वक्फ की सही मायनों की जो संपत्तियां हैं, उन्हें संरक्षण देने के लिए, उनमें सही न्याय देने लिए, विवादों को समाप्त करने के लिए यह वक्फ संशोधन विधेयक इस देश की जनता की मांग है। पूर्व मंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया में इतनी शक्तियां कभी भी किसीभी वक्फ बोर्ड को नहीं मिली हैं।सऊदी अरब जैसे मुस्लिम देश में भी वक्फ बोर्डों के पास न तो इतनी संपत्तियां हैं और न ही इतनी शक्तियां हैं। अगर वक्फ बोर्ड इनके समय में चौलेंज कर देता या प्रश्न कर देतातो शायद कांग्रेस संसद भवन भी दे देती की साहब इसे भी वक्फ में इंद्राज कर लीजिए। आप सभी के सामने प्रकरण है कि जब तमिलनाडु के एक हिन्दूगांव जहां मुस्लिम आब्दी नहीं है, उस गांव को ही वक्फ बोर्ड ने वक्फ में दर्ज कर लिया, तो ये अपने आप में एक बहुत बड़ा प्रश्न था। इसे रोकने के लिए यह संशोधन विधेयक लाया गया।द इस वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध करने वाले लोगों के पास पता कर लीजिए, सबसे ज्यादा वक्फ संपत्तियां कब्जा हैं।वक्फ बोर्डों में कांग्रेस और मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति करने वाली पार्टियों के लोग बैठा करते थे जो इनसे जुड़े लोगों को वक्फ संपत्तियां कब्जा करने में मदद किया करते थे। मोहसिन रजा ने कहा कि यह वक्फ संशोधन विधेयक वक्फ हित में है। जनहित में हैं और महिलाओं के हित में है। इससे उनको अधिकार मिलेंगे, कांग्रेस सरकार के संशोधन विधेयक में जिससे उन्हें वंचित कर दिया गया था। हजारों मस्जिदों को तोड़वा कर नीचे दुकानें और कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनवा कर मस्जिदें ऊपर शिफ्ट कर दी गईं। उसकी आमदनी कहां जाती है। किसी को नहीं पता। यह सब सिर्फ भ्रष्टाचार की नियत के तहत बोर्डों की मिलीभगत से किया गया। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के लोगों ने वक्फ की संपत्तियों का दुरुपयोग कर लाभ उठाया। मनमाने ढंग से वक्फ बना कर लाभ लिया।

# वर्ष 2017 में सरकार बनने के बाद हमने प्रदेश की सम्भावनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य प्रारम्भ किया मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने हेल्थ सिटी विस्तार हास्पिटल का लोकार्पण किया

लखनऊ(आरएनएस) रू मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश देश की सर्वाधिक आबादी वाला राज्य है। यहां 25 करोड़ की आबादी निवास करती है। देश की सर्वाधिक युवा आबादी प्रदेश में निवास करती है। इनकी आकांक्षाओं के अनुरूप इन्हें विकास और रोजगार से जोड़ने तथा सरकारी संस्थाओं और सेवा में सम्मानजनक स्थान दिलाने के लिए सरकार के स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन निजी क्षेत्र की सहभागिता के बिना इन्हें विस्तार नहीं दिया जा सकता है।मुख्यमंत्री जी आज यहां गोमती नगर विस्तार में हेल्थ सिटी विस्तार हॉस्पिटल का लोकार्पण करने के उपरान्त इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने हेल्थ सिटी विस्तार हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ0 संदीप कपूर तथा उनकी टीम को बधाई देते हुए कहा कि इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से जो एम0ओ0यू0 किया गया था, आज यह 300 बेड के सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के रूप में बनकर तैयार हुआ है, जिसका लोकार्पण करने का अवसर उन्हें प्राप्त हुआ है।मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्ष 2017 में सरकार बनने के बाद हमने प्रदेश की सम्भावनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य प्रारम्भ किया। हमने प्रदेश में ईमानदारी और पारदर्शी तरीके से साढ़े छह लाख सरकारी नौकरियां देने में सफलता प्राप्त की। इस दौरान फरवरी, 2018 में प्रदेश में पहला इन्वेस्टर्स समिट आयोजित कर राज्य में निवेश की सम्भावनाओं के द्वार खोले गए।मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश की पहली शर्त कानून का राज है। निवेशकों को सुरक्षा मिले तथा उनकी पूंजी भी सुरक्षित रहे, यह निवेश की प्राथमिक आवश्यकता है। वर्ष 2017 से पहले यह स्थिति उत्तर प्रदेश में नहीं थी। उस समय प्रदेश में कोई निवेशक निवेश करने के लिए आना नहीं चाहता था। यहां पहले से जिन निवेशकों ने निवेश किया था। वह भी अपना निवेश समेटना चाहते थे। प्रदेश में हर दूसरे तीसरे दिन एक दंगा होता था। बेटियां तथा व्यापारी सुरक्षित नहीं थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति से कार्य किया। इस दिशा में प्रदेश सरकार द्वारा जो कदम उठाए गए, आज देश उन्हें एक मॉडल के रूप में स्वीकार करता है। इनसे प्रदेश में निवेश की नई सम्भावनाओं ने पंख फैलाने प्रारम्भ किए। वर्ष 2017 के अन्त में प्रदेश में इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन के लिए प्रयास प्रारम्भ किए गए। उस समय लोगों ने कहा कि प्रदेश में निवेश का माहौल नहीं है। लेकिन उन्हें विश्वास था कि लोग आएंगे, हम प्रयास तो करें। उस समय प्रथम इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन के माध्यम से हमें 04 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। फरवरी, 2023 में सम्पन्न यू0पी0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से यह निवेश प्रस्ताव बढ़कर 40 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गए। यह निवेश देश के अन्य राज्यां के लिए एक मानक बना। लोगों ने इसे निवेश का सफलतम मॉडल बताया।मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश छोटा हो या बड़ा वह विकास के द्वार खोलता है। यह निवेश युवाओं की आकांक्षाओं को उड़ने के लिए पंख देता है और उन्हें रोजगार से जोड़ता है। एक हॉस्पिटल सेवा का माध्यम होने के साथ ही, अनेक परिवारां की आजीविका का साधन भी बनता है। यह हॉस्पिटल नर्सिंग के क्षेत्र में बेटियों के लिए, पैरामेडिकल स्टाफ के लिए तथा डॉक्टर्स के लिए उनके कैरियर को आगे बढ़ाने हेतु एक प्लेटफॉर्म भी है। यहां अनेक लोग हाउसकीपिंग स्टाफ के रूप में रखे गए होंगे, जो इसके माध्यम से अपने परिवार की आजीविका को सम्मानजनक ढंग से आगे बढ़ाएंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत 10 वर्षों में देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत परिवर्तन हुआ है। आज स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष्मान भारत तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य जैसी योजनाएं संचालित हो रही हैं। अकेले उत्तर प्रदेश में 05 करोड़ 11 लाख लोगों को गोल्डेन कार्ड जारी किये गये हैं। यह लोग किसी भी इम्पैनल्ड हॉस्पिटल से प्रतिवर्ष 05 लाख रुपये की स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर सकते हैं। हमने राज्य सरकार के स्वास्थ्य केन्द्रों के सुदृढ़ीकरण की दिशा में कदम बढ़ाएं हैं। यदि कोई व्यक्ति अपने उपचार के लिए जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अथवा स्वयं उन्हें पत्र लिखता है, तो उसे मुख्यमंत्री राहत कोष से भी धनराशि उपलब्ध करायी जाती है। अब तक 01 लाख 88 हजार लोगों को मुख्यमंत्री राहत कोष से उपचार के लिए धनराशि उपलब्ध करायी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ में एस0जी0पी0जी0आई0, के0जी0एम0यू0 तथा राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल सहित अन्य हॉस्पिटल की सेवाओं में विस्तार किया गया है। वहां आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। आज हर व्यक्ति निश्चिंत है कि वह भी उपचार का लाभ प्राप्त कर सकता है। सरकार की इस सुविधा से जब डॉक्टर्स की एक टीम भी जुड़ जाती है, तो इसके परिणाम भी इसी रूप में दिखायी देते हैं। लखनऊ में स्वामी विवेकानन्द पॉलीक्लीनिक से शुरू हुई यात्रा आज 300 बेड के सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के रूप में हम सभी को देखने को मिल रही है। मुख्यमंत्री ने हेल्थ सिटी विस्तार हॉस्पिटल के प्रबन्धन का आह्वान किया कि वह आयुष्मान भारत योजना से जुड़े। निजी क्षेत्र और सरकारी संस्थान मिलकर एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ कार्य करेंगे, तो हमें उत्तर प्रदेश के साथ ही, पड़ोसी राज्यों की स्वास्थ्य की आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सफलता प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ प्रदेश की सबसे बड़ी सिटी होने के साथ ही, राजधानी भी है। राजधानी में लोगों को मेट्रो के रूप में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की बेहतरीन सुविधा प्राप्त हो रही है। यातायात की बेहतरीन सुविधा के लिए यहां गोमती नदी के समानान्तर ग्रीन कॉरिडोर बनाया जा रहा है, जिससे जाम की समस्या का समाधान हो जाएगा। शहीद पथ के साथ–साथ किसान पथ के रूप में एक रिंग रोड लखनऊ के बाहर–बाहर उपलब्ध करायी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हेल्थ सिटी विस्तार हॉस्पिटल के प्रबन्धन ने प्रदेश सरकार से जो एम0ओ0यू0 किया था उसे साकार रूप प्रदान किया है। जो लोग एम0ओ0यू0 पर सन्देह करते है, उन्हें यह हॉस्पिटल देखना चाहिए। यह हॉस्पिटल बहुत अच्छा बना है। यह इन्वेस्टर्स समिट का एक प्रतिफल है, जो गोमती नगर विस्तार में देखने को मिल रहा है। हॉस्पिटल के उद्घाटन के अवसर पर बरसात भी हो रही है। इसका तात्पर्य है कि यह कार्य पवित्र हृदय से किया गया है। इसका लाभ यहां के निवासियों को प्राप्त होगा।

इसी प्रकार अलग–अलग सेक्टर्स में अनेक निवेशक अपना निवेश करके उत्पादन प्रारम्भ कर चुके हैं। इस अवसर पर लखनऊ की महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल, विधायक श्री योगेश शुक्ल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना श्री संजय प्रसाद, निदेशक सूचना शिशिर तथा हॉस्पिटल के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पसंदीदा पर्यटन स्थलों के बारे में दीजिए अपनी राय–जयवीर सिंह

## पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार ने "देखो अपना देश पीपल्स चॉइस-2024" नाम से शुरू की राष्ट्रव्यापी पहल

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि, 'पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने "देखो अपना देश पीपल्स चॉइस 2024" नामक राष्ट्रव्यापी पहल शुरू की है। इसके तहत देश–प्रदेश के पर्यटन स्थलों के बारे में ऑनलाइन आप भी अपनी राय दे सकते हैं। सभी प्रतिभागी सर्टिफिकेट भी डाउनलोड कर सकेंगे। इसकी अंतिम तिथि 15 सितंबर 2024 निर्धारित की गई है।यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने देते हुए बताया कि इस पहल का उद्देश्य विभिन्न श्रेणियों (आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, विरासत, प्रकृति और वन्यजीव, साहसिक कार्यकलाप व अन्य) में सर्वश्रेष्ठ पर्यटक स्थलों के सबंध में आम लोगों की राय जानना है, ताकि उन्हें विश्व स्तरीय पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित किया जा सके। जयवीर सिंह ने बताया कि 'पर्यटकों की पसंद जानने से मिशन मोड में विकास के लिए आकर्षण और गन्तव्य की पहचान करने में मदद मिलेगी। यह विकसित भारत–2047 की दिशा में भारत की स्वर्णिम यात्रा में योगदान देगी। इच्छुक प्रतिभागी पर अपने पसंदीदा टूरिस्ट आकर्षण के पांच निर्धारित श्रेणियों (आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और विरासत, प्रकृति और वन्यजीव, साहसिक कार्यकलाप और अन्य) में राय दे सकते हैं, जो उनकी प्राथमिकताओं के अनुरूप हैं। प्रतिभागियों के लिए यह अनिवार्य है कि वे पांच श्रेणियों में से किसी एक से कम से कम एक आकर्षण का केन्द्र चुनें, जिसे वे पहले ही देख चुके हैं और कम से कम एक आकर्षण चुनें, जिसे वे भविष्य में देखना चाहते हैं।' पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि 'पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के नियमों के अनुसार सर्वे में वह सभी लोग हिस्सा ले सकते हैं,

# प्रदेश के समस्त जनपदों में 10 बच्चें की क्षमता की राजकीय विशेषज्ञ दतक ग्रहण ईकाई की होगी स्थापना

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदशे सरकार ने प्रदेश के 67 जनपदों में 10 बच्चों की क्षमता की (एक यूनिट) राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण इकाई (स्पेशलाइज्ड एडॉप्शन एजेंसी) की स्थापना एवं संचालन किये जाने के निर्देश जारी किये हैं। उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में प्रदेश के समस्त जनपदों में 10 बच्चों की क्षमता की (एक यूनिट) राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण ईकाई की स्थापना करते हुए संचालन किये जाने के आदेश दिये गये हैं।

महिला कल्याण विभाग की विशेष सचिव, सुधा वर्मा की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार राजकीय बाल गृह (बालक,बालिका) वन स्टाप सेन्टर,राजकीय महिला शरणालय,राजकीय भवन अथवा जिला चिकित्सालय में एक अथवा दो कक्ष का आंवटन कराते हुये आवश्यक एवं आधारभूत आवश्यकताओं को प्रत्येक दशा में 10 अगस्त, 2024 तक पूर्ण कराया जायेगा। जनपद में 10 की क्षमता की (एक यूनिट) राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण इकाई का संचालन आरम्भ किये जाने हेतु मिशन वात्सल्य योजना की गाइडलाइन के अनुरूप जनपद स्तर पर जिला बाल संरक्षण इकाई हेतु मिशन वात्सल्य योजना के अन्तर्गत पूर्व में निदेशक, महिला कल्याण द्वारा दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं एवं धनराशि का आवंटन निदेशक, महिला कल्याण द्वारा किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में महिला कल्याण विभाग द्वारा 08 जनपदों लखनऊ, प्रयागराज, आगरा, मथुरा व रामपुर में राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण का संचालन किया जा रहा है एवं जनपद मेरठ,

# प्रदेश के विभिन्न शहरों में सोलर बेस्ड ड्रिंकिंग वाटर कियोस्क की स्थापना करेगी योगी सरकार

लखनऊ(आरएनएस)। योगी आदित्यनाथ सरकार प्रदेश को सौर ऊर्जा से रोशन करने के साथ ही अब शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का माध्यम भी बना रही है। प्रदेश के विभिन्न सोलर सिटीज में अलग–अलग योजनाओं के जरिए सौर ऊर्जा को बढ़ावा दे रही योगी सरकार अब सोलर एनर्जी बेस्ड एक और इनोवेशन को बढ़ावा देने जा रही है। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आधुनिक सोलर बेस्ड ड्रिंकिंग वॉटर कियोस्क की स्थापना करने की तैयारी की जा रही है। इस क्रम में, उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) ने प्रक्रिया की शुरुआत करते हुए 3.99 करोड़ रुपये की लागत से 20 कियोस्क्स की स्थापना करने जा रही है।सोलर बेस्ड ड्रिंकिंग वॉटर कियोस्क दरअसल एक स्मार्ट जल शोधन और वितरण प्रणाली है जिसे दूरदराज के क्षेत्रों में जल शोधन के लिए पहुंच और उपयोग में आसानी बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह सौर ऊर्जा द्वारा संचालित है, जो एक बार पूरी तरह से चार्ज होने पर डिवाइस को घंटों तक चला सकता है। 250 लीटर प्रति घंटे वॉटर प्योरिफिकेशन करने में सक्षम होगा कियोस्क जिन सोलर बेस्ड वॉटर कियोस्क्स की स्थापना होनी है वह कई मायनों में विशिष्ट है। यह वॉटर ट्रीटमेंट के लिए रिजर्व ऑस्मॉसिस प्वॉइंट तकनीक पर काम करेगा।प्रत्येक सोलर बेस्ड वॉटर कियोस्क सीजनल रिक्वायरमेंट के हिसाब से 10 डिग्री से 30 डिग्री के बीच शुद्ध जल उपलब्ध कराएगा। कियोस्क का वॉटर फिल्टरेशन लेवल बीआईएस 16240 के मानकों के अनुरूप होगा। इसकी वॉटरउ स्टोरेज कैपेसिटी 5000 लीटर तथा ट्रीटेड वॉटर कैपेसिटी 1000 लीटर की होगी। कियोस्क से प्रति घंटे 250 लीटर प्रति घंटे शुद्ध जल प्राप्त हो सकेगा जबकि कियोस्क की वॉटर डिस्पेंसिंग स्पीड 10 से 12 लीटर प्रति मिनट होगी। इसे इस प्रकारउसे विकसित किया जा रहा है कि कम से कम प्रतिदिन 2000 लीटर शुद्ध जल की आपूर्ति हो सकेगी।इन कियोस्क्स को 5 वर्षों की कार्यावधि के लिए स्थापित किया जाएगा और इसके लिए यूपीनेडा ने एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन प्रक्रिया शुरू कर दी है। रिमोट मॉनिटरिंग सिस्टम से भी होगा लैस सभी कियोस्क को रिमोट मॉनिटरिंग सिस्टम से लैस किया जाएगा जिसके जरिए की जा रही जलापूर्ति के विभिन्न मानकों जैसे कि पीएच स्केल, बेसिसिटी, एल्केलिनिटी और मिनरल तत्व शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, इसेउ डाटाबेस से भी जोड़ा जाएगा जिसके जरिए प्रत्येक कियोस्क की दैनिक कार्य प्रणाली पर नजर रखी जाएगी।कियोस्क से एक लीटर से लेकर 25 लीटर तक पानी लाभार्थी अपने कंटेनरों में भर सकेंगे और मशीन को एलईडी डिस्प्ले व 1,2,5 व 10 रुपये के सिक्कों को स्वीकृत कर उसी आधार पर जलापूर्ति कर सकेगा। यह कियोस्क सिंगल चार्ज पर 48 घंटों तक कार्य करने में सक्षम होगा। वैसे, प्रतिदिन इसे 16 घंटों के लिए ऑपरेशनल रखा जाएगा। कियोस्क जीपीआरएस कनेक्टिविटी युक्त होगा और कनेक्टिविटी में बाधा आने पर यह एसएमएस के जरिए भी कमांड सेंटर से संपर्क में रहेगा।

# 8 अगस्त 1942 की तिथि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की ऐतिहासिक एवं निर्णायक तिथि है – अखिलेश यादव

लखनऊ(आरएनएस)।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि अगस्त 1942 की तिथि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की ऐतिहासिक एवं निर्णायक तिथि है। 8 अगस्त 1942 की रात्रि महात्मा गांधी जी ने अंग्रेजो से भारत की मुक्ति के लिए करो या मरो का मंत्र दिया था। सभी बड़े नेताओं की 9 अगस्त की तड़के सुबह गिरफ्तारी के बाद समाजवादियों ने ही भारत छोड़ों आंदोलन की कमान सम्हाली थी। अंग्रेजो की तमाम घेराबंदी के बावजूद अरूणा आसफ अली ने 9 अगस्त 1942 को बंबई के ग्वालिया टैंक मैदान में तिरंगा फहराकर जनविद्रोह का आगाज कर दिया तो डॉ0 राममनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण, ऊषा मेहता आदि समाजवादियों ने मिलकर भारत छोड़ो आंदोलन को नई गति दी। डॉ0 राममनोहर लोहिया ने ऊषा मेहता के साथ भूमिगत रेडियों का संचालन किया। जयप्रकाश नारायण ने हजारीबाग जेल की दीवार फांदकर उस क्रांति के नई सनसनी फैदा कर दी। इस आंदोलन में हिन्दू–मुसलमान सभी ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के साथ देश में परिवर्तन की नई मंजिलें तय की गईं। जो दलित, वंचित, शोषित थे उन्हें संविधान में समान हक और सम्मान मिला। बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के प्रसासों से गरीब–अमीर सभी को एक वोट का समान अधिकार मिला। समाजवाद के साथ लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना और स्वतंत्र संघर्ष के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया गया।कहा कि देश की विविधता और सामाजिक सौहार्द को नष्ट करने वाली ताकतें आज नफरत फैलाने में लगी हैं।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


# बहराइच में फर्जी अल्ट्रासाउंड सेंटर का भंडाफोड़, उच्च स्तरीय जांच की मांग

बहराइच, 8 अगस्त 2024। जनपद बहराइच के फखरपुर क्षेत्र में स्थित प्रज्ञान अल्ट्रासाउंड सेंटर पर फर्जीवाड़े का सनसनीखेज मामला सामने आया है।




इस सेंटर पर न केवल नियमों की घोर अवहेलना हो रही थी, बल्कि फर्जी डॉक्टरों के नाम पर मरीजों को गुमराह करने का भी आरोप लगा है। इस मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए परिवार कल्याण विभाग के महानिदेशक को पत्र लिखा गया है।

सर्वोदय टाइम्स की विशेष जांच टीम ने इस सेंटर में गहराई से पड़ताल की, जिसमें चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। अल्ट्रासाउंड सेंटर द्वारा दावा किया गया था कि उनके पास डॉ. टी. प्रकाश और डॉ. सत्यव्रत वर्मा जैसे अनुभवी चिकित्सक कार्यरत हैं। लेकिन जब हमारी टीम ने इन डॉक्टरों से संपर्क किया, तो यह पता चला कि डॉ. टी. प्रकाश अमरावती में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं और उन्होंने कभी भी बहराइच का दौरा नहीं किया। वहीं, डॉ. सत्यव्रत वर्मा लखनऊ के संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (ळच्ळप्) में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं।

इसके अलावा, पहले भी इस सेंटर पर शिकायतें दर्ज कराई गई थीं। आईजीआरएस सन्दर्भ संख्या 40018024034583 और 40018024037877 के तहत इस सेंटर पर चिकित्सक की अनुपस्थिति और अन्य अनियमितताओं की शिकायत की गई थी। शिकायत के बावजूद सेंटर सुचारू रूप से चालू रहा, और बड़ी संख्या में मरीजों का निदान किया जाता रहा।

इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है। यह कहा जा रहा है कि इस तरह के फर्जीवाड़े न केवल कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि जनता के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न कर रहे हैं। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की अपील की गई है, ताकि भविष्य में इस तरह की अनियमितताओं पर अंकुश लगाया जा सके।

महानिदेशक परिवार कल्याण विभाग से इस मामले में त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है। बहराइच के नागरिकों में इस घटना को लेकर गहरी चिंता और आक्रोश है, और वे भी दोषियों को जल्द से जल्द न्याय के कटघरे में लाने की मांग कर रहे हैं।

# दुष्कर्म का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

बल्दीरायध्सुलतानपुर(आरएनएस )। बीते माह 26 तारीख को हुई छेड़खानी के संबंध में समूह में काम करने वाली हलियापुर थाना क्षेत्र की एक महिला ने इरफान उर्फ मोनू पुत्र कल्लन निवासी गनापुर व राम प्रताप यादव पुत्र शिव बहादुर उर्फ लाला निवासी गजराज का पुरवा के खिलाफ रविवार को बल्दीराय थाना में छेड़छाड़ व एससी एसटी एक्ट सहित कई धारा में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसकी विवेचना के दौरान पता चला कि उक्त लोगों के खिलाफ पहले से भी सामूहिक बलात्कार जैसी गम्भीर धाराओ में मुकदमा दर्ज है जिसका मुकदमा ट्रायल चल रहा है। इसी बीच बीती बुधवार रात को सूचना मिली कि इरफान पुत्र कल्लन अवैध असलहा लेकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है ।सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष राम विशाल सुमन व पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी की गई जिसमें घेराबंदी के दौरान चक तन्दुआ मार्ग पर इरफान द्वारा अवैध असलहा से फायर शुरू कर दिया जिसकी जबाबी कार्यवाही में पुलिस द्वारा फायर किया गया जो की इरफान के दाहिने पैर में लगी जिसे इलाज हेतु सीएचसी बल्दीराय लाया गया जहां से विधिक कार्यवाही कर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा दिया गया है।

# ब्लाक बल्दीराय की दो ग्राम पंचायत के हुए चुनाव में मुरधीधर वर्मा बने प्रधान

बल्दीरायध्सुलतानपुर(आरएनएस )। ब्लाक बलदीराय की दो ग्राम पंचायतो में हुए उपचुनाव की मतगणना शाति पूर्वक सपन्न हुई। अरवल ग्राम पंचायत में प्रधान पद हेतु कुल तीन प्रत्याशी ने नांमाकन किया था जिसमे सुमेश यादव को 687 मत व जय प्रकाश को कुल 21 मत तथा मुरलीध ार वर्मा को 770 मत प्राप्त हुए मुरलीधर वर्मा अपने निकटतम प्रतिद्धदी से 83 मत अधिक पाकर विजयी घोषित किए गए। वही बीही निदूरा ग्राम पंचायत में सदस्य हेतु समर बहादुर ने 100 मत पाकर विजय हासिल की। नागरिको ने नवनिर्वाचित प्रधान व सदस्य को बधाई दी है।

# अभियान चलाकर जनता से घरों–दुकानों में तिरंगा लगाने का अनुरोध करेंगे भाजपाई

## –11 से 15 अगस्त तक जनपद में आयोजित किए जाएंगे विविध कार्यक्रम

अयोध्या(आरएनएस)। भाजपा द्वारा 11 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। भाजयुमो द्वारा तिरंगा यात्राओं का आयोजन होगा। महापुरूषों तथा उनसे जुड़े स्मारकों की साफ–सफाई मार्ल्यापर्ण, अभियान चला कर जनता से अपने घरों–दुकानों तथा प्रतिष्ठानों में तिरंगा लगाए जाने अनुरोध करेंगे। विभाजन विभिषिका दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन होगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भाजपा सहादतगंज कार्यालय पर बैठक की गई।

बैठक में प्रदेश मंत्री अभिजात मिश्र ने कहा कि प्रत्येक भारतीय का यह कर्तव्य है कि शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करे। हमें राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव से काम करना चाहिए। सभी कार्यकर्ता हर घर तिरंगा अभियान से प्रत्येक देशवासी से खुद को जोड़ने की अपील विभिन्न माध्यमों से करें। इसके लिए जागरुकता रैली, गोष्ठी व बैठकों की श्रंखलाएं चलायी जायेगी।

पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यकर्ता घर–घर सम्पर्क कर उन्हें अपने घरों–मकान तथा प्रतिष्ठानों पर पूर्ण सम्मान के साथ राष्ट्र ध्वज लगाने के लिए प्रेरित करें। सम्पर्क के दौरान देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले महापुरूषों के विषय में चर्चा करें। हर घर तिरंगा अभियान से सभी को जुड़ने का अनुरोध करें।जिलापंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि प्रदेश में उत्सव का माहौल बने और प्रदेशवासियों में गर्व की भावना का संचार हो, इसके लिए 11 से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा अभियान' आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष अभियान व्यापक तथा बेहतर रूप में क्रियान्वित किया जाएगा।

महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता लोगां को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। भगवान राम ने लक्ष्मण से कहा था कि जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरियसी। अर्थात मां और मातृभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर होती है। मातृभूमि के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को हर देशभक्त को निभाना चाहिए। समाज को सही दिशा दिखाने की जिम्मेदारी भी बौद्धिक लोगों की है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान में 11 से 13 अगस्त तक युवा मोर्चा द्वारा तिरंगा यात्रा तथा महापुरूषों तथा उनसे जुड़े स्मारकों की साफ सफाई की जाएगी। 12 व 13 अगस्त को महापुष्पों की मूर्तियों पर मार्ल्यापर्ण किया जाएगा। 13 से 15 अगस्त तक कार्यकर्ता घर–घर सम्पर्क कर लोगों को अपने घरों में तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित करेंगें। 14 अगस्त विभाजन विभिषका दिवस के अवसर पर पार्टी कार्यालय सदाहतगंज में संगोष्ठी का आयोजन होगा। इस दौरान प्रर्दशनी भी लगाई जाएगी। कार्यक्रम को लेकर सभी को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। बैठक में क्षेत्रीय मंत्री विनोद, डॉ. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, अभिषेक मिश्रा, ओम प्रकाश सिंह शक्ति सिंह, उपस्थित रहे।

# ला आफसर बन आकाश ने लहराया जिले का परचम

कूरेभार सुलतानपुर (आरएनएस )। ग्रामीण क्षेत्र से होने के बावजूद भी पूरी लगन और मेहनत के साथ शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र आखिर में अपने लक्ष्य को प्राप्त कर ही लेते है। ठीक इसी प्रकार से होनहार आकाश तिवारी ने अपनी सफलता को लेकर ऊंची उड़ान भर लिया है। विकास खंड कूरेभार क्षेत्र में स्थित ग्राम सभा पुरखिपुर निवासी कलर्क के पद पर तैनात रहे सेवानिवृत्त जुगराज तिवारी के होनहार सुपुत्र आकाश तिवारी ने लॉ अफसर बनकर सुलतानपुर जनपद का परचम लहरा दिया है। जबकि देखा जाय तो ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरी क्षेत्र तक का सफर आसान नही होता है। इसके बाद भी होनहार छात्र आकाश ने अपनी सफलता को ऊंची उड़ान के लिए पंख लगा ही लिया। मेघावी छात्र आकाश तिवारी की प्रारंभिक शिक्षा गांव से शुरू होकर सुलतानपुर के विद्या मंदिर में हाई स्कूल सीबीएससी बोर्ड में 77.40 प्रतिशत अंक, इंटरमीडिएट सीबीएससी बोर्ड में 72.40 प्रतिशत अंक अर्जित किया था। इसके बाद छात्र आकाश तिवारी अपनी शिक्षा पूरी करने के लिए जनपद प्रयागराज (इलाहाबाद) पहुंचे जहां से उन्होंने वर्ष 2017 में विश्व विद्यालय इलाहाबाद से बी.एस.सी. कंप्यूटर साइंस की शिक्षा ग्रहण कर 63.35 प्रतिशत अंक प्रात किया। इसके बाद आकाश ने वही इलाहाबाद विश्व विद्यालय से एल.एल.बी. की शिक्षा लेते हुए 63.35 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्तीण हुए। फिर छात्र आकाश तिवारी ने वर्ष 2022 में इलाहाबाद विश्व विद्यालय से ही एल.एल.एम. की परीक्षा पास कर 80.65 प्रतिशत अंक हासिल किया। इसके बाद वर्ष 2022 में यूपी पीसीएस–जे, यूपी पीसीएस सीबीआई का इंटरव्यू, बिहार प्रांत में ज्यूडिशियरी में इंटरव्यू दिया। इसके साथ ही वर्ष 2023 में यूजीसी नेट असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा देकर अपने भाग्य को आजमाया और कड़ी मेहनत कर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया लॉ ऑफिसर की परीक्षा में सम्मिलित होकर पूरे भारत में दूसरे स्थान (रैंक) हासिल करते हुए सुलतानपुर जनपद का नाम रोशन कर दिया। यही नहीं होनहार छात्र आकाश तिवारी के परिवार पर एक नजर डाला जाय तो पिता जुगराज तिवारी सेवा निवृत्त होने के कारण अब खेती का कार्य कर रहे है और माता सुनीता तिवारी एक कुशल गृहणी का नेतृत्व कर रही है। वही छोटा भाई अनुराग तिवारी विश्व विद्यालय इलाहाबाद से पीएचडी कर रहा है और विवाहित बहन स्वेता तिवारी भी अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन कर रही है। इस दौरान होनहार विद्यार्थी आकाश तिवारी ने अपनी इस बड़ी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता, गुरूजनों और बड़े बुजुर्गो को दिया है। वही कड़ी मेहनत से शिक्षा अर्जित करने वाले युवाओं को प्रेरित करने के लिए कहा कि जीवन में असफलताओं से मत घबड़ाए, यह तो आनी ही रहती है, लेकिन समस्याओं के बिना जीवन की सुंदरता नही है। इसलिए सच्चे लगन के साथ शिक्षा को ग्रहण करने की बात कही है।

# प्रधान पद पर सुरेश तो क्षेत्र पंचायत में रिषि भद्र हुए विजयी

धनपतगंजध्सुलतानपुर (आरएनएस )। कडी सुरक्षा के बीच पंचायत उप चुनाव की मतगणना समाप्त हो गई। मायंग प्रधान पद पर सुरेश और क्षेत्र पंचायत पद पर ऋषीभद्र सिंह की जीत हुई। दोनो सीटो पर भद्र बंधुओं का वर्चस्व कायम रहा। गुरुवार को पंचायत उप चुनाव के तहत विकासक्षेत्र धनपतगंज के मांयंग ग्राम पंचायत मे प्रधान और क्षेत्रपंचायत सद्स्य के लिये पड़े वोटो की.गणना खंड मुख्यालय सभागार मे 8बजे से शुरू हुई। 6चक्र की गणना मे प्रधान पद के लिये सुरेश को 1411वोट मिले, जिनके प्रतिद्वंद्वी निशा को कुल 359वोट ही मिल सके। और प्रधान पद पर सुरेश विजयी घोषित हुये। तो वंही क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिये ऋषीभद्र सिंह को कुल 352वोट मिले। जिन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राम देव निषाद को 100वोटो से शिकस्त देकर विजय हाशिल की। प्रतिद्वंद्वी रामदेव को कुल 242 ही मिल सके। अति संवेदनशील ग्राम पंचायत के चुनाव को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किया गया था। मतगणना के पूरे समय तक एसडीएम बल्दीराय–प्रबीण कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी–सौरभ सामंत, खंड विकास अधिकारी विमलेश त्रिवेदी, खंड शिक्षा अधिकारी–श्याम बिहारी के साथ धनपतगंज थाना प्रभारी–राम आशीष उपाध्याय भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। आरओ शरद कुमार ने विजयी प्रत्यासियों को प्रमाण पत्र देते हुये बताया कि चुनाव प्रक्रिया और मतगणना का कार्य पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हुआ। कुल 1944 मत पडे थे। सम्पूर्ण वोटो की गणना सुचारु रूप से हुई,जिसमे से 261मत निरस्त पाये गये।

# मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के विकास कार्यों का जायजा पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य बौद्ध अरविंद पटेल द्वारा लिया गया

## लापरवाह अधिकारियों पर होगी कार्रवाई – अरविंद पटेल

मिल्कीपुर–अयोध्या (आरएनएस)। जनपद के एक दिवसीय दौरे पर आए पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य बौद्ध अरविंद पटेल ने मिल्कीपुर क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं और विकास कार्यों की जमीनी हकीकत जानी। बौद्ध अरविंद पटेल ने मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र स्थित सीएचसी खण्डासा, मिल्कीपुर और हैरिंग्टनगंज का निरीक्षण करते हुए इमरजेंसी वार्ड ओपीडी लेबर रूम दवा वितरण कक्ष सहित दवा स्टॉक का भी निरीक्षण किया। सभी सीएससी अधीक्षकों को अस्पताल में साफ सफाई रखने के भी निर्देश दिए हैं। मिल्कीपुर ब्लॉक मुख्यालय पर ब्लाक के खंड विकास अधिकारी व पशु पालन विभाग समेत अन्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए उन्हें कहा कि यदि कोई पशुपालक अथवा कृ षक गौशालाओं से पशु को ले जाता है, तो उसे प्रति मवेशी 50 रूपए भोजन के लिए दिया जाएगा। पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य अरविंद पटेल ने कहा कि पूर्वांचल के विकास के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। स्वास्थ्य सेवाओं और विकास कार्यों में सुधार के लिए काम कर रहे हैं। क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। स्वास्थ्य सेवाओं और विकास कार्यों की नियमित निगरानी कर रहे हैं। अगर कोई अधिकारी कर्मचारी विकास कार्यों में लापरवाही वरतेगा तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। एक सप्ताह में दोबारा फिर दौरा क्षेत्र का करेंगे। भाजपा सरकार स्वास्थ्य और शिक्षा पर जोर दे रही है, लेकिन परिषदीय विद्यालयों में पठन–पाठन कर रहे छात्र छात्राओं को अभी तक शत प्रतिशत किताब ही उपलब्ध ा न हो पाने के सवाल पर उन्होंने तत्काल शिक्षा विभाग के अधिकारी को फटकार लगाते हुए कहा कि किताबें क्यों नहीं पहुंची।

संबंधित अधिकारी द्वारा कहा गया किताबें आ गई हैं जल्द ही सभी विद्यालयों को उपलब्ध करा दी जाएंगी। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह, प्रधान

अखंड पांडे, सीएससी अध ीक्षक पंकज श्रीवास्तव, डॉ रश्मि श्रीवास्तव, डा जेपी मौर्या सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# झुनझुनिया बाबा की पुण्य तिथि पर संत, धर्माचार्यों ने अर्पित की पुष्पांजलि

अयोध्या(आरएनएस)। सरयू तट स्थित श्री सिया राम किला झुनकी घाट के संस्थापक सिद्ध संत जानकी शरण महाराज, झुंझुनिया बाबा की पुण्य तिथि पर संत,महंतो,धर्माचार्यों ने नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। संतों ने झुंझुनियां बाबा के त्याग, वैराग,तपस्या की भ्सराहना करते हुए उनके उद्दात जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। गौ,संत,परमार्थ सेवा का प्रमुख केंद्र बन चुका श्री सिया राम किला झुनकी घाट आज किसी परिचय का मोहताज नही।सरयू के पावन तट पर स्थित भव्य,सुरम्य,सुंदर,मनोहारी झुनकी घाट मंदिर अपनी दिव्यता से भक्तो को अपनी ओर आकर्षित करता है। मंदिर में सतत श्री सीता राम नाम अखंड संकीर्तन संपूर्ण वातावरण को राममय बनाता है। वर्तमान पीठाधीश्वर महंत करुणा निधान शरण महाराज की अध्यक्षता एवम पावन सानिध्य में झुनकी बाबा की पुण्य तिथि पर आयोजित वृहद स्तरीय भंडारे में बड़ी संख्या में संत ,महंत,भक्त शामिल हुए एवम भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस पुनीत अवसर पर श्री मणि राम दास की छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास शास्त्री , लक्ष्मण किला शीश महंत मैथिली रमण शरण महाराज,जगद गुरु रामा नंदा चार्य स्वामी श्रीराम दिनेशा चार्य महाराज,जगत गुरु रामानुजा चार्य स्वामी डॉ राघवाचार्य महाराज, महंत धर्म दास महाराज,जगद गुरु स्वामी परमहंशा चार्य महाराज, महंत डॉ भरत दास महाराज उदासीन ऋषि आश्रम, महंत राम शरण दास महाराज रंग महल,रसिक पीठाधीश्वर जन्मे जय शरण महाराज,जानकी घाट बड़ा स्थान,

# मण्डलीय अधिकारियों की टीम ने स्वास्थ्य उपकेंद्रों का किया निरीक्षण

सोहावल–अयोध्या(आरएनएस)। भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजनाओं का स्थलीय परीक्षण कर सच्चाई जानने के लिए वृहस्पतिवार को मंडलीय अधिकारियों की टीम ने स्वास्थ उपकेंद्रो का भ्रमण किया। संचारी रोग, टीकाकरण, प्रसव, परिवार नियोजन आदि सरकारी योजनाओं की मौके पर जाँच पड़ताल कर दिशा निर्देश दिया और हर कीमत पर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया। स्वास्थ विभाग के मंडलीय सलाहकर डाक्टर अमित शुक्ला, जिला कोआर्डिनेटर डाक्टर अरविंद कुमार सिंह, सी एच सी प्रभारी डाक्टर प्रेम चंद की टीम ने प्रस्वोत्तर स्वास्थ्य उपकेंद्र कटरौली, तहसीनपुर, हाजीपुर बरसेंडी, मुबारकगंज, बड़ागांव आदि का भ्रमण कर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को लेकर बारीकी से जाँच पड़ताल किया।खामियों को लेकर स्वास्थ कर्मियो को आगाह किया।

# सी.एम.एस. के मेधावियों का हुआ भव्य सम्मान

लखनऊ, 8 अगस्त। सिटी मोन्टेसरी स्कूल के तत्वावधान में 'मेधावी छात्र सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन आज सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। इस भव्य समारोह में विद्यालय का गौरव बढ़ाने वाले मेधावी छात्रों को सार्वजनिक तौर पर सम्मानित किया गया। इस वर्ष आई.ए.एस. परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम रैंक अर्जित कर लखनऊ का नाम रोशन करने वाले सी.एम.एस. छात्र श्री आदित्य श्रीवास्तव ने बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत्



उद्घाटन किया जबकि विशिष्ट अतिथि सुश्री शालिनी चतुर्वेदी, मैनेजर प्रोग्राम्स, वाटर एड इण्डिया, ने अपनी उपस्थिति से समारोह की गरिमा को बढ़ाया।

इस अवसर पर सी.एम.एस. छात्रों को संबोधित करते हुए श्री आदित्य श्रीवास्तव, आई.ए.एस. ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने व सफलता अर्जित में जीवन मूल्यों को कोई विकल्प नहीं है क्योंकि जीवन मूल्य व चारित्रिक उत्कृष्टता ही वास्तव में आपके व्यक्तित्व को गढ़ते है। सम्मान समारोह का मुख्य आकर्षण सी.एम.एस. कानपुर रोड कैम्पस के छात्र अथर्व सिन्हा, उनके माता–पिता व टीचर–गार्जियन का सम्मान रहा। अथर्व ने आई.एस.सी. (कक्षा–12) की प्रथम इण्टर–कैम्पस कम्परेटिव परीक्षा में 94.62 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया है।इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्रों को सम्बोधित करते हुए सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि यह समारोह छात्रों के उज्जवल भविष्य को समर्पित है। इससे पहले, सुपीरियर प्रिन्सिपल एवं सी.एम.एस. के क्वालिटी एजुकेशन एवं इनोवेशन विभाग की हेड सुश्री सुष्मिता घोष ने मेधावी छात्रों व शिक्षकों का हार्दिक स्वागत अभिनन्दन करते हुए विद्यालय की वर्ष भर की उपलब्धियों को रेखांकित किया। सम्मान समारोह से पूर्व आज प्रातः सिटी मोन्टेसरी स्कूल के हजारों छात्रों ने गोमती नगर एक्सटेंशन स्थित मकदूमपुर पुलिस स्टेशन से सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस ऑडिटोरियम तक विशाल 'चरित्र निर्माण मार्च' निकालकर भावी पीढ़ी के चरित्र निर्माण की पुरजोर आवाज बुलन्द की।

# हर्षोल्लास से मनाया गया सी.एम.एस.संस्थापिका डा. भारती गाँधी का जन्मदिन

लखनऊ, 8 अगस्त। प्रख्यात शिक्षाविद् एवं सिटी मोन्टेसरी स्कूल की संस्थापिका–निदेशिका डा. भारती गाँधी का जन्मदिवस आज बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आध्यात्मिकता व ईश्वरीय एकता के सद्भावना पूर्ण माहौल में मनाया गया। सी.एम.एस. गोमती नगर



एक्सटेंशन कैम्पस में आयोजित इस विशेष समारोह में सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन, डा. सुनीता गाँधी, श्री विनय गाँध ी, श्रीमती मोना गाँधी, सी.एम.एस. के क्वालिटी अश्योरेन्स एवं इनोवेशन विभाग की हेड सुश्री सुष्मिता घोष, विद्यालय के विभिन्न कैम्पस की प्रधानाचार्याओं व शिक्षकों समेत बड़ी संख्या में सी.एम.एस. कार्यकर्ताओं व अन्य प्रमुख हस्तियों ने डा. भारती गाँधी को जन्मदिवस की बधाईयाँ देते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की। इसके अलावा, आज दिन भर डा. भारती गाँधी को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पस में अध्ययनरत 63000 छात्रों ने भी अपने–अपने विद्यालय प्रांगण में अपनी आध यात्मिक अभिभावक एवं प्रेरणास्रोत डा. गाँधी का जन्मदिन मनाया और बधाई कार्ड बनाकर अपनी भावनाओं को उकेरा। डा. भारती गाँधी के जन्मदिवस के सुअवसर पर आज सी.एम.एस. के रेडियो कार्यक्रम 'सी.एम.एस. विश्व वॉइस' पर भी विशेष कार्यक्रम का प्रसारण हुआ, जिसमें सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पस के छात्र–छात्राओं ने डा. भारती गाँधी के व्यक्तित्व व कृतित्व से जनमानस को अवगत कराया। डा. गाँधी के अतुलनीय प्रयासों की बदौलत ही 5 बच्चों से शुरू हुए सिटी मोन्टेसरी स्कूल में आज 63,000 हजार से अधि ाक बच्चे उत्कृष्ट शिक्षा व जीवन मूल्यों की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। डा. गाँधी को शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में की गई उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अब तक अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

# अयोध्या न्यास द्वारा नवग्रह वाटिका के पौधों का किया गया रोपण

## –पूर्व माध्यमिक विद्यालय शहनेवाजपुर व उच्च माध यमिक विद्यालय मक्खापुर में कि गया नवग्रह वाटिका निर्माण

अयोध्या(आरएनएस)। पूर्व सांसद लल्लू सिंह की संस्था श्री अयोध्या न्यास द्वारा सवेरा परिवार के सहयोग से गुरूवार को पूरा ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय शहनेवाजपुर तथा उच्च माध यमिक विद्यालय मक्खापुर में नवग्रह वाटिका निर्माण के लिए सभी ग्रहां से संबंधित पौधां का रोपण किया। पूर्व सांसद द्वारा सूर्य ग्रह का सफेद मदार, चंद्रमा का पलाश, मंगल का खैर, बुध का मौलश्री, बृहस्पति का पीपल, शुक्र का गूलर, शनि का शमी, राहु का चंदन व केतु ग्रह का कामिनी के पौधों का रोपण किया गया। अयोध्या न्यास द्वारा जिले में नक्षत्र वाटिका, पंचवटी एवं नवग्रह वाटिका तथा हरिशंकरी वृक्ष सहित पाकड़, पीपल, नीम जैसे पौधों के रोपण द्वारा संपूर्ण अयोध्या जनपद को आच्छादित करने का अभियान चलाया जा रहा है। सभी रोपित पौधों की सुरक्षा के लिए उसमें ट्री गार्ड लगाया जा रहा है।पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि वर्तमान परिवेश में प्रसन्न चित्त, स्वस्थ बनने हेतु व आध्यात्मिक सुख–शांति प्राप्त करने हेतु हमको नवग्रह वाटिका की आवश्यकता है। नवग्रह वाटिका में लगे पौधे हमारे लिए बहुत ही उपयोगी हैं। सभी ग्रहों के अनुसार एक–एक पौधा है। इन पौधों का उपयोग धार्मिक अनुष्ठानों में किया जाता है। अधिकांश पौधों का उपयोग हवन–पूजन के दौरान भी किया जाता है।उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में अधि ाक से अधिक पौधे लगाने के प्रति संकल्पित हो। पौध रोपण के साथ उसके सुरक्षा व पोषण की जिम्मेदारी भी ले।

# 32वें नोबेल विजेता जो संभालेंगे किसी देश की कमान, इनसे पहले शामिल हैं ये नाम

यूनुस राज्य के प्रमुख बनने के लिए 32वें नोबेल पुरस्कार विजेता बनने जा रहे हैं। लंबे समय से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के आलोचक रहे हैं, जिन्होंने बड़े पैमाने पर आरक्षण विरोधी विद्रोह के कारण 5 अगस्त को इस्तीफा दे दिया और भारत भाग गए। यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनाने के निर्णय पर राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास और कार्यस्थल बंगभवन में एक बैठक में मुहर लगाई गई, जिसमें तीनों सेनाओं के प्रमुख, ढाका विश्वविद्यालय के दो शिक्षक और भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के समन्वयक उपस्थित थे। अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रपति मोहम्मद सहाबुद्दीन तुरंत छात्र प्रतिनिधियों के उस प्रस्ताव पर सहमत हो गए जिसमें यूनुस से बांग्लादेश को संकट से बाहर निकालने का अनुरोध किया गया था। यूनुस राज्य के प्रमुख बनने के लिए 32वें नोबेल पुरस्कार विजेता बनने जा रहे हैं। लंबे समय से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के आलोचक रहे हैं, जिन्होंने बड़े पैमाने पर आरक्षण विरोधी विद्रोह के कारण 5 अगस्त को इस्तीफा दे दिया और भारत भाग गए। नोबेल पुरस्कार विजेता को देश की कमानपोलैण्ड के राजनेता लेक वालेसा 1983 में शान्ति का नोबेल पुरस्कार दिया गया था और 1990 में पोलैण्ड के राष्ट्रपति बने। म्यांमार (बर्मा) की एक राजनेता और पूर्व राष्ट्रपिता आंग सान की पुत्री आंग सान सू को 1991 में में नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किया गया। 2016 में म्यांमार का राष्ट्रपति पद संभाला।दक्षिण अफ्रीका के प्रथम अश्वेत राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला को 1993 में पूर्व राष्ट्रपति फ्रेडरिक विलेम डी क्लार्क के साथ संयुक्त रूप से नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एक साल बाद वो राष्ट्रपति के पद पर काबिज हुए। इजरायली राजनीतिज्ञ शिमोन पेरेज को 1994 में नोबल पुरस्कार मिला और 1995 में वो इजराइल के प्रधानमन्त्री बने। खधेसे मानुएल रामोस होर्ता 1996 के नोबेल शान्ति पुरस्कार विजेता है। 2006 में वो ईस्ट टीमोर के प्रधानमंत्री बने। इसे भी पढ़ेंरू ठंदहसंकमी में हिंदुओं पर अत्याचार का भयावह मंजर, ट के ऐलान के बाद अब क्या होगा?रीबों का बैंकर नाम से मशहूरयूनूस नोबेल पुरस्कार विजेता हैं, जिन्हें सबसे गरीब लोगों का बैंकर भी कहा जाता है। इसे लेकर उन्हें आलोचना का सामना भी करना पड़ा था




और एक बार हसीना ने यूनुस को खून चूसने वाला'कहा था। यूनुस हसीना के कटु आलोचक और विरोधी माने जाते हैं। उन्होंने हसीना के इस्तीफे को देश का दूसरा मुक्ति दिवस घ्बताया है। पेशे से अर्थशास्त्री और बैंकर यूनुस को गरीब लोगों, विशेष रूप से महिलाओं की मदद के लिए माइक्रोक्रेडिट के उपयोग में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। यूनुस ने 1983 में ग्रामीण बैंक की स्थापना की ताकि उन उद्यमियों को छोटे ऋण उपलब्ध कराए जा सकें जो सामान्यतः उन्हें प्राप्त करने के योग्य नहीं होते। लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में बैंक की सफलता ने अन्य देशों में भी इसी तरह के लघु वित्त पोषण के प्रयासों को बढ़ावा दिया। लगे हैं कई आरोप यूनुस को 2008 में हसीना सरकार की कार्रवाई का सामना करना पड़ा जब उनके प्रशासन ने यूनुस के खिलाफ कई जांच शुरू कीं। यूनुस ने पहले घोषणा की थी कि वह 2007 में एक राजनीतिक पार्टी बनाएंगे, हालांकि उन्होंने अपनी योजना पर अमल नहीं किया। उनकी सरकार ने बांग्लादेश के केंद्रीय बैंक को 2011 में उन्हें ग्रामीण बैंक के एमडी पद से हटा दिया था। इस जनवरी में, यूनुस को श्रम कानूनों के उल्लंघन के लिए छह महीने जेल की सजा सुनाई गई थी। जून में, उन्हें और 13 अन्य लोगों को एक अन्य मामले में एक अदालत द्वारा दोषी ठहराया गया था, जिसमें उनके द्वारा स्थापित एक दूरसंचार कंपनी के श्रमिकों के कल्याण कोष से 2 मिलियन डॉलर का गबन शामिल था।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का भयावह मंजर, आरएसएस के ऐलान के बाद अब क्या होगा?

1 करोड़ 30 लाख हिंदू बांग्लादेश में हैं और उनके घर, संपत्ति से लेकर इज्जत तक दांव पर लगी है। बांग्लादेश के मौजूदा हालात में अल्पसंख्यों की सुरक्षा को लेकर भारत ने भी चिंता जताई है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भारत सरकार से वहां की स्थिति पर सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा लगातार देखने को मिल रही है। कई हिंदू के घर और मंदिर तोड़े जा रहे हैं। वहीं महिलाओं के साथ दुष्कर्म का भी आरोप लगा है। पुरुषों को जान से मारने की धमकी दी गई है। शेख हसीना के ढाका छोड़ने और देश में तख्तापलट के बाद हिंदुओं पर बहुत ज्यादा हिंसा हो रही है। उनके धर्मस्थलों को निशाना बनाया जा रहा है। दुकान हो या मकान सभी को आग के हवाले किया जा रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल कि बांग्लादेश में हिंदुओं के मानवाधिकार को लेकर कोई आवाज कहीं से भी सुनाई नहीं पड़ रही है। न ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई सुगबुगाहट है और नही हैशटैग चलाया जा रहा है। आज बांग्लादेश में सरकार का गठन होना है और रात 8 बजे शपथग्रहण भी होगा। सेना ने मोर्चा संभाला हुआ है। लेकिन इसके बावजूद भी हिंदुओं की सुनने वाला कोई नहीं है। 1 करोड़ 30 लाख हिंदू बांग्लादेश में हैं और उनके घर, संपत्ति से लेकर इज्जत तक दांव पर लगी है। बांग्लादेश के मौजूदा हालात में अल्पसंख्यों की सुरक्षा को लेकर भारत ने भी चिंता जताई है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भारत सरकार से वहां की स्थिति पर सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे सरकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ नेता भैयाजी जोशी ने कहा कि आरएसएस सरकार से अनुरोध करता है कि वह पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे, जहां राजनीतिक उथल–पुथल मची हुई है। आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य और इसके पूर्व महासचिव जोशी ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय को निशाना बनाए जाने की खबरें आई हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति के बारे में पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर जोशी ने कहा, ''बांग्लादेश एक अलग राष्ट्र



है। यहां से स्वैच्छिक संगठन क्या कर सकते हैं, इसकी अपनी सीमाएं हैं। लेकिन हम (भारत) सरकार से वहां हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का अनुरोध कर रहे हैं। हमें विश्वास है कि सरकार इस दिशा में कदम उठाएगी।'' व्यापक अशांति और प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के बीच बांग्लादेश में हिंदुओं को निशाना बनाए जाने के बारे में पूछे जाने पर जोशी ने कहा कि ऐसा हुआ है और ऐसी घटनाओं के बारे में खबरें आ रही हैं। राजनीतिक विरोध प्रदर्शन में निशाने पर हिंदू क्यों?बांग्लादेश में शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ने के बाद हुई हिंसा में कई हिंदू मंदिरों, घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की गई, महिलाओं पर हमला किया गया तथा अवामी लीग पार्टी से जुड़े कम से कम दो हिंदू नेताओं की हत्या कर दी गई। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद नेता काजोल देबनाथ ने कहा कि हमने देश के विभिन्न हिस्सों में हुई बर्बरता की कुछ घटनाओं को संकलित किया है, जिससे हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदाय चिंतित हैं। देबनाथ ने बताया कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार, दो हिंदू नेताओं की उत्तर–पश्चिमी सिराजगंज और रंगपुर में हत्या कर दी गई, जो हसीना की अवामी लीग पार्टी के नेता थे। उन्होंने कहा कि परिषद अभी और जानकारी एकत्र कर रही है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ अमानवीयता की हदें पार होती देख पाकिस्तानी हिंदू भी घबराये, सब आना चाहते हैं भारत

बांग्लादेश में हिंदुओं की क्या हालत है यह वहां से आ रहे वीडियोज में देखा जा सकता है। बांग्लादेश में सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन अब हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा में बदल गया है। कई हिंदू मंदिरों, घरों और हिंदू समुदाय से संबंधित अन्य स्थानों को उपद्रवियों की ओर से निशाना बनाया जा रहा है। भारत में लोगों के मन में जातिवाद का जहर फैला रहे विपक्षी नेता देश में जातिगत जनगणना कराने की मांग कर रहे हैं। लेकिन इन लोगों को देखना चाहिए कि बांग्लादेश में हिंदुओं को उनकी जाति देखकर नहीं बल्कि धर्म देखकर मारा जा रहा है। बांग्लादेश में हिंदुओं का जो हाल है उस पर पूरा विश्व समुदाय चुप्पी साधे हुए है। यह दर्शाता है कि हमें जातियों में बंटने की नहीं बल्कि समाज के तौर पर एकजुट होने की जरूरत है। सभी को समझना होगा कि एकजुटता से जीत होती है और विभाजन से हार होती है। माना जाता है कि दुनियाभर में हिंदुओं की संख्या 1.2 बिलियन के आसपास है। इसमें से 95 प्रतिशत भारत में हैं जबकि बाकी अन्य देशों में। यह जो पांच प्रतिशत हिंदू अन्य देशों खासकर दक्षिण एशियाई देशों में रह रहे हैं यह यातना भरा जीवन गुजार रहे हैं। अक्सर पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले की खबरें आती ही रहती हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले तो इस समय पूरी दुनिया देख ही रही है साथ ही पाकिस्तानी हिंदुओं को भी अपने साथ हिंसा होने की आशंका सता रही है जिसके चलते वह भी भारत आना चाहते हैं। इस समय बांग्लादेश में हिंदुओं की क्या हालत है यह वहां से आ रहे वीडियोज में देखा जा सकता है। बांग्लादेश में सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन अब हिंदू



समुदाय के खिलाफ हिंसा में बदल गया है। कई हिंदू मंदिरों, घरों और हिंदू समुदाय से संबंधित अन्य स्थानों को उपद्रवियों की ओर से निशाना बनाया जा रहा है। उग्र इस्लामवादियों द्वारा इस सप्ताह सैंकड़ों हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा चुका है। इस्लामवादियों की हिंदुओं के प्रति बर्बरता और नफरत को दर्शाता जो नया वीडियो वायरल हो रहा है उसने अमानवीयता की पराकाष्ठा दर्शाई गयी है। इस वीडियो में इस्लामवादियों को जमीन पर पड़े एक मृत व्यक्ति को घेरे हुए देखा जा सकता है। मृत व्यक्ति के सिर के नीचे खून बिखरा है और उसके हाथ हथकड़ी से बंधे हुए हैं। उसके चारों ओर बहुत से आदमी इकट्ठे हैं। एक आदमी, जिसका चेहरा वीडियो में नहीं देखा जा सकता, वह छड़ी की मदद से मृत व्यक्ति को नग्न कर देता है और पीड़ित व्यक्ति के गुप्तांग को जांचता है। भीड़ शहिंदू, हिंदूश चिल्लाते हुए, शव के ऊपर हंसती है क्योंकि उस व्यक्ति का खतना नहीं हुआ था और वह हिंदू था। हालांकि अब इस वीडियो को सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से हटा दिया गया है लेकिन यह घटना दुनियाभर में चर्चा का विषय बनी हुई है। बांग्लादेश में प्रताड़ना झेल रहे हिंदुओं की करुण गाथा की तमाम खबरें इस समय विभिन्न देशों के मीडिया में छाई हुई हैं। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, राजधानी ढाका में एक हिंदू छात्रा प्रियोंथी चटर्जी ने कहा है कि मुसलमानों ने दक्षिणी बागेरहाट क्षेत्र में उनके घर पर और उनके परिवार पर हमला किया जिसमें उनके पिता की मौत हो गई और उनकी मां को सिर पर चोटें आईं। उन्होंने कहा कि मेरे पिता एक शिक्षक थे। उन्होंने कहा कि उनके माता–पिता ने मदद के लिए सेना और पुलिस को बुलाने की कोशिश की लेकिन किसी ने जवाब नहीं दिया। अन्य रिपोर्टों में बताया गया है कि बांग्लादेश के विभिन्न जिलों में हिंदुओं के घरों और उनके मंदिरों पर हमले हो रहे हैं। बांग्लादेश के धार्मिक अल्पसंख्यकों के एक संगठन का नेतृत्व करने वाले राणा दास गुप्ता ने कहा है कि हिंदुओं पर हमलों के परिणामस्वरूप कई मौतें हुई हैं और 100 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। उन्होंने कहा, षजिन लोगों के घरों पर हमला किया गया उनमें से कुछ सीधे तौर पर अवामी लीग के समर्थक हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में इस समय लक्षित हमले हो रहे हैं।इस बीच, ह्यूमन राइट्स वॉच में एशिया की उप निदेशक मीनाक्षी गांगुली ने हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की रिपोर्टों को षबेहद चिंताजनकष बताया है। उन्होंने कहा कि हिंदुओं पर स्पष्ट रूप से इसलिए हमला किया जा रहा है क्योंकि वे परंपरागत रूप से शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी का समर्थन करते थे। रिपोर्टों के मुताबिक, बांग्लादेश के वीभत्स हालात को देखते हुए वहां के हिंदू भाग कर भारत आना चाहते हैं। बताया जा रहा है कि पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में बांग्लादेशी शरणार्थियों ने सीमा सुरक्षा बलों (बीएसएफ) से गुहार लगाते हुए कहा है कि या तो हमें भारत में शरण दो या यहीं मार डालो। बताया जा रहा है कि 500 से अधिक शरणार्थी भारत में आश्रय की तलाश में नो मैन्स लैंड पर इंतजार कर रहे हैं। एक बांग्ला अखबार, उत्तरबंगा संबाद ने बताया कि बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल के साथ उत्तर दिनाजपुर सीमा के पास नो–मैन्स लैंड पर सैंकड़ों शरणार्थी आए हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि शरणार्थी भारत में आश्रय की तलाश में नो–मैन्स लैंड तक पहुंचने के लिए नगर नदी को पार कर गए। हालांकि बीएसएफ आश्रय देने से इंकार करने और उन्हें वापस लौटने के लिए कह रही है। उत्तरबंगा संवाद की रिपोर्ट है कि 500 से अधिक शरणार्थी, जिनमें वृद्ध लोग और बच्चे भी शामिल हैं, एक ही गुहार के साथ नो–मैन्स लैंड पर खड़े हैं–षभारत से आश्रयष। बताया जा रहा है कि सीमा सुरक्षा बल ने बुधवार को करीब 120–140 बांग्लादेशी नागरिकों के एक समूह को रोका, जो पश्चिम बंगाल में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भारतीय सीमा में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक इस सप्ताह के प्रारंभ में ढाका में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद से ही सुरक्षाबल 'हाई अलर्ट' पर हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना दार्जिलिंग के कदमतला में स्थित बीएसएफ के मुख्यालय के अधिकार क्षेत्र में दो स्थानों पर दिन में हुई। उन्होंने बताया कि बीएसएफ के फील्ड कमांडरों ने बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के अपने समकक्षों से संपर्क किया और महिलाओं और बच्चों के साथ आए 120–140 लोगों के इस समूह को रोका गया।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने वेलिंगटन में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वेलिंगटन रेलवे स्टेशन के समीप महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। महात्मा की विरासत मानव जाति के लिए मार्गदर्शक है। उनकी कालजयी शिक्षाएं हमें प्रेरित करती रहती हैं।''राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को वेलिंगटन रेलवे स्टेशन पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुर्मू तीन देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में बुधवार को न्यूजीलैंड पहुंचीं। राष्ट्रपति कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वेलिंगटन रेलवे स्टेशन पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।'' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट किया, ''बापू की विरासत का सम्मान।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वेलिंगटन रेलवे स्टेशन के समीप महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। महात्मा की विरासत मानव जाति के लिए मार्गदर्शक है। उनकी कालजयी शिक्षाएं हमें प्रेरित करती रहती हैं।''राष्ट्रपति मुर्मू ने वेलिंगटन में फुकियाहु राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में शहीद सैनिकों को भी पुष्पांजलि अर्पित की। जायसवाल ने कहा, ''शांति एवं स्वतंत्रता के लिए अपनी जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज वेलिंगटन फुकियाहु युद्ध स्मारक में श्रद्धांजलि दी।'' फुकियाहु राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का उद्घाटन 18 अप्रैल 2015 को किया गया था और इसका निर्माण प्रथम विश्व युद्ध के 100 वर्ष पूरे होने पर किया गया था।



# पेटा प्रदर्शनकारियों ने वेटिकन में पोप फ्रांसिस के कार्यक्रम में डाली बाधा

'पेटा' पोप से अनुरोध कर रही है कि वे कैथोलिक चर्च का बुलफाइटिंग से संबंध समाप्त कर दें तथा इस "घृणित रक्त खेल" की निंदा करें। वेटिकन ने बुधवार के विरोध प्रदर्शन पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की।पशु अधिकारों की हिमायत करने वाली संस्था 'पीपल्स फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स' (पेटा) के दो कार्यकर्ताओं ने बुधवार को पोप फ्रांसिस की आम सभा को बाधित कर दिया और शोर मचाते हुए और 'बुलफाइटिंग' के खिलाफ नारे लगाए और बैनर दिखाए, जिसके बाद उन्हें परिसर से बाहर कर दिया गया।दोनों ने 'स्टॉप ब्लेसिंग कोरिडास' (बुलफाइटिंग को बढ़ावा बंद करें) लिखी हुई टी–शर्ट पहन रखी थी और 'बुलफाइटिंग इज अ सिन' (बुलफाइटिंग पाप है) लिखे हुए बैनर पकड़े हुए थे। 'पेटा' पोप से अनुरोध कर रही है कि वे कैथोलिक चर्च का बुलफाइटिंग से संबंध समाप्त कर दें तथा इस "घृणित रक्त खेल" की निंदा करें। वेटिकन ने बुधवार के विरोध प्रदर्शन पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की।

# काठमांडू में हेलीकाप्टर दुर्घटना में पांच लोगों की मौत

अधिकारी ने बताया कि पुलिस और सेना के बचाव दल इलाके में पहुंच गए हैं तथा अभियान में सहायता के लिए दो हेलीकॉप्टर भी भेजे गए हैं। दुर्घटना सूर्यचौर क्षेत्र में जंगल के बीच एक पहाड़ पर हुई। नेपाल की राजधानी काठमांडू के उत्तर–पश्चिम में बुधवार को पहाड़ों से टकरा कर एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नुवाकोट जिले के सरकारी प्रशासक कृष्ण प्रसाद हुमागाई ने बताया कि मलबे से चार पुरुषों और एक महिला के शव निकाले गए हैं। अधिकारी ने बताया कि पुलिस और सेना के बचाव दल इलाके में पहुंच गए हैं तथा अभियान में सहायता के लिए दो हेलीकॉप्टर भी भेजे गए हैं। दुर्घटना सूर्यचौर क्षेत्र में जंगल के बीच एक पहाड़ पर हुई।हेलीकॉप्टर ने स्थानीय समयानुसार अपराह्न 1रू54 बजे काठमांडू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी और यह स्याप्रुबेशी शहर की ओर जा रहा था। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के एक बयान के अनुसार यह हेलीकॉप्टर नेपाल की विमानन कंपनी 'एयर डायनेस्टी' का था और उड़ान भरने के तीन मिनट बाद ही टावर से इसका संपर्क टूट गया था। अधिकारियों ने बताया कि हेलीकॉप्टर में सवार चारों यात्री चीन के नागरिक थे वहीं पायलट नेपाल का नागरिक था।

# वियना में हमले की संदिग्ध योजना बना रहे दो चरमपंथी गिरफ्तार

स्विफ्ट ने अपने एरास टूर के तहत बृहस्पतिवार, शुक्रवार और शनिवार को वियना के अर्न्स्ट हैप्पल स्टेडियम में संगीत कार्यक्रम आयोजित किए हैं। संगीत कार्यक्रमों के लिए सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। ऑस्ट्रिया में बुधवार को दो संदिग्ध चरमपंथियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से एक वियना क्षेत्र में होने वाले टेलर स्विफ्ट के आगामी संगीत समारोह जैसे किसी कार्यक्रम पर हमला करने की योजना बना रहा था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुख्य संदिग्ध (19) को वियना के दक्षिण में टर्नित्ज से गिरफ्तार किया गया, तथा दूसरे व्यक्ति को ऑस्ट्रिया की राजधानी से गिरफ्तार किया गया। ऑस्ट्रिया प्रेस एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार ऑस्ट्रिया के गृह मंत्रालय में सार्वजनिक सुरक्षा निदेशक फ्रांज रुफ ने कहा कि अधिकारियों को संभावित हमले के लिए प्रारंभिक कार्रवाई के बारे में पता था और यह भी कि 19 वर्षीय अपराधी का ध्यान वियना में टेलर स्विफ्ट के संगीत समारोह पर था। रुफ ने कहा कि 19 वर्षीय युवक ने इस्लामिक



स्टेट समूह के प्रति निष्ठा की शपथ ली थी। स्विफ्ट ने अपने एरास टूर के तहत बृहस्पतिवार, शुक्रवार और शनिवार को वियना के अर्न्स्ट हैप्पल स्टेडियम में संगीत कार्यक्रम आयोजित किए हैं। संगीत कार्यक्रमों के लिए सुरक्षा बढ़ा दी गयी है।

# राष्ट्रपति मुर्मू अपनी यात्रा के दूसरे चरण में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए न्यूजीलैंड पहुंचीं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में बुधवार को न्यूजीलैंड पहुंचीं। उनके दौरे का उद्देश्य भारत और न्यूजीलैड के द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देना है। अपनी यात्रा के दौरान मुर्मू गवर्नर जनरल डेम सिंडी कीरो, प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन और अन्य वरिष्ठ मंत्रियों से मुलाकात करेंगी। ऑकलैंड । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में बुधवार को न्यूजीलैंड पहुंचीं। उनके दौरे का उद्देश्य भारत और न्यूजीलैड के द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देना है। अपनी यात्रा के दौरान मुर्मू गवर्नर जनरल डेम सिंडी कीरो, प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन और अन्य वरिष्ठ मंत्रियों से मुलाकात करेंगी। विदेश मंत्रालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मुर्मू के न्यूजीलैंड पहुंचने पर कृषि, व्यापार, वानिकी, शिकार और मत्स्य पालन तथा सहायक विदेश मंत्री टॉड मैकक्ले ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पोस्ट में कहा गया, ''राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का न्यूजीलैंड पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। ऑकलैंड में मंत्री टॉड मैकक्ले और (भारत की) उच्चायुक्त नीता भूषण ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।'' मैकक्ले ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि न्यूजीलैंड में राष्ट्रपति मुर्मू का स्वागत करना सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, ''यह यात्रा हमारे संबंधों को प्रगाढ़ करने और लोगों के परस्पर संपर्क एवं सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए सरकार की विभिन्न पहल में से एक है।'' राष्ट्रपति मुर्मू फिजी की राजकीय यात्रा संपन्न होने के बाद न्यूजीलैंड पहुंची हैं। उन्होंने फिजी और भारत के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने तथा साझेदारी को मजबूत करने के लिए अपने समकक्ष के साथ व्यापक चर्चा की। राष्ट्रपति मुर्मू गवर्नर जनरल के निमंत्रण पर न्यूजीलैंड आई हैं। यह राष्ट्रपति का आठ साल बाद न्यूजीलैंड का दौरा है। गवर्नर जनरल कीरो के साथ द्विपक्षीय बैठकों के अलावा, राष्ट्रपति मुर्मू प्रधानमंत्री लक्सन, उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स से भी मिलेंगी। मुर्मू ऑकलैंड में एक सामुदायिक स्वागत समारोह में भी भाग लेंगी, जहां वह भारतीय प्रवासियों से बातचीत करेंगी। न्यूजीलैंड की आबादी 50 लाख है। यहां भारतीय प्रवासियों की संख्या लगभग 3,00,000 है। प्रवासी भारतीय समुदाय न्यूजीलैंड के समाज में बहुत अच्छी तरह से घुला–मिला है और दोनों देशों के बीच एक जीवंत सेतु के रूप में काम करता है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, न्यूजीलैंड ने अपने द्विपक्षीय संबंधों के लिए भारत को विशेष फोकस वाले देश के रूप में रखा है। न्यूजीलैंड भारत को रक्षा और सुरक्षा तथा समग्र द्विपक्षीय व्यापार, निवेश, लोगों के आपसी संपर्क के मामले में एक प्रमुख साझेदार के रूप में मान्यता देता है। इसलिए, यह यात्रा अपने आप में अत्यधिक महत्वपूर्ण होगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि शिक्षा दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में एक बड़ी भूमिका निभाती है। न्यूजीलैंड में लगभग 8,000 भारतीय छात्र पढ़ाई कर रहे हैं।

# मुंबई के लिए बुची बाबू टूर्नामेंट का एक मैच खेलेंगे सूर्यकुमार यादव



मुंबई क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया, ‘‘सूर्यकुमार मुंबई के लिए दूसरा मैच खेलेंगे। वह भारत के लिए सभी तीनों प्रारूप में खेलना चाहते हैं और वह जब भी वह फ्री रहते हैं तो मुंबई के लिए उपलब्ध रहे हैं।भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इस साल आगामी बुची बाबू बहु–दिवसीय टूर्नामेंट में मुंबई के लिए एक मैच खेलने की पुष्टि की है। सूर्यकुमार 27 से 30 अगस्त तक कोयंबतूर में तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन एकादश के खिलाफ मुंबई सीए एकादश के लिए खेले जाने वाले दूसरे मैच में खेलेंगे। टेस्ट विशेषज्ञ सरफराज खान को मुंबई की टीम का कप्तान बनाया गया है। सूर्यकुमार सभी प्रारूपों के क्रिकेट में खेलना चाहते हैं और भारतीय खिलाड़ी अभी ब्रेक पर होंगे क्योंकि उन्हें अगली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला सितंबर में बांग्लादेश के खिलाफ खेलनी है। मुंबई क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया, ‘‘सूर्यकुमार मुंबई के लिए दूसरा मैच खेलेंगे। वह भारत के लिए सभी तीनों प्रारूप में खेलना चाहते हैं और वह जब भी वह फ्री रहते हैं तो मुंबई के लिए उपलब्ध रहे हैं। वह रणजी ट्राफी के अलावा बुची बाबू, केएससीए (गोल्ड कप) में खेलेंगे ताकि टीम के युवाओं कों प्रेरित कर सकें।

# भारत ने गंवाई वनडे सीरीज, श्रीलंका ने 2–0 से बुरी तरह हराया




भारत को वनडे सीरीज के तीसरे मुकाबले में 110 रनों के बड़े अंतर से हराकर सीरीज अपने नाम कर ली है। श्रीलंका ने इस जीत के साथ सीरीज पर 2–0 से कब्जा किया। श्रीलंका ने भारत को दूसरे मैच भी हराया था। जबकि पहला वनडे टाई हो गया था। श्रीलंका ने भारत को वनडे सीरीज के तीसरे मुकाबले में 110 रनों के बड़े अंतर से हराकर सीरीज अपने नाम कर ली है। श्रीलंका ने इस जीत के साथ सीरीज पर 2–0 से कब्जा किया। श्रीलंका ने भारत को दूसरे मैच भी हराया था। जबकि पहला वनडे टाई हो गया था। श्रीलंका ने कोलंबो में बुधवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए 248 रन बनाए थे। जिसके जवाब में टीम इंडिया 138 रन पर सिमट गई। इस जीत के साथ ही श्रीलंका ने 27 सालों बाद भारत को द्विपक्षीय वनडे सीरीज में हराया है। भारत के लिए रोहित शर्मा ने 35 रनों की पारी खेली। जबकि वाशिंगटन सुंदर 30 रन बनाकर आउट हुए। जबकि विराट कोहली के बल्ले से महज 20 रन और रियान पराग 15 बनाकर लौटे। श्रीलंका के लिए दुनिथ वेल्लालगे ने 5 विकेट झटके। उन्होंने 5.1 ओवरों में 2 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किए। थीक्षणा और वैंडर्से ने 2–2 विकेट झटके। इस दौरान भारत के अधिकतर बल्लेबाज फ्लॉप साबित हुए। रोहित शर्म ने टीम को अच्छी शुरुआत दी। उन्होंने 20 गेंदों में 35 रन बनाए, इस दौरान 6 चौके और 1 छक्का लगाया। शुभमन गिल 6 रन बनाकर आउट हो गए। विराट कोहली 20 रन ही बना पाए। ऋषभ पंत महज 6 रन ही बना सके और श्रेयस अय्यर के बल्ले से तो 8 रन निकले। अक्षर पटेल 2 और रियान पराग 15 रन बनाकर आउट हुए।

# रियान पराग ने डेब्यू मैच में कमाल, श्रीलंका के खिलाफ दिखवाया गेंदबाजी का दम

इस मैच में श्रीलंका की टीम ने अविष्का फर्नान्डो के 96 रन जबकि कुसल मेंडिस की 59 रन की पारी के दम पर 50 ओवर में 7 विकेट पर 248 रन बनाए। इस मुकाबले में रोहित शर्मा ने 6 गेंदबाजों को इस्तेमाल किया। लेकिन इनमें सबसे सफल रियान पराग रहे जिन्होंने टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट झटके।भारत और श्रीलंका के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया इस मैच में श्रीलंका की टीम ने अविष्का फर्नान्डो के 96 रन जबकि कुसल मेंडिस की 59 रन की पारी के दम पर 50 ओवर में 7 विकेट पर 248 रन बनाए। इस मुकाबले में रोहित शर्मा ने 6 गेंदबाजों को इस्तेमाल किया। लेकिन इनमें सबसे सफल रियान पराग रहे जिन्होंने टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट झटके। रियान पराग को श्रीलंका के खिलाफ तीसरे वनडे मुकाबले में भारत की प्लेइंग इलेवन में जगह मिली। ये उनके क्रिकेट करियर का डेब्यू वनडे मुकाबला था और वह कप्तान रोहित शर्मा की उम्मीदों पर खरे उतरे। इस मैच में कप्तान रोहित ने 6 गेंदबाजों को आयमाया जिसमें सबसे सफल गेंदबाज रियान पराग ही रहे जिन्होंने 9 ओवर में 54 रन देकर 3 विकेट झटके।




# बिनेश फोगाट के संन्यास के बाद साक्षी मालिक का आया बयान, कहा तुम नहीं हारी



भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक मुकाबले से पहले अयोग्य ठहराये जाने के बाद अपनी मां को संबोधित एक भावुक संदेश में कुश्ती को अलविदा कहने की घोषणा की और कहा कि अब आगे खेलने की ताकत नहीं है। एक तरफ जहां देश को नीरज चोपड़ा से आज गोल्ड मेडल की उम्मीद है वहीं दूसरी ओर पूरा देश विनेश फोगाट के संन्यास लेने से दुखी है। पूरा देश विनेश सामने आई परिस्थिति से जूझ रहा है। विनेश के संन्यास लेने के बाद रियो ओलंपिक में देश को ब्रोंज मेडल जीताने वाली साक्षी मालिक का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि विनेश तुम हारी नहीं हो। हर वो बेटी हारी हाई जिसके लिए तुम लड़ी और जीती हो। ये देश की हार है और देश तुम्हारे साथ खड़ा है। खिलाड़ी के तौर पे उनके संघर्ष और जज्बे को सलाम।विनेश ने कुश्ती को कहा अलविदा भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक मुकाबले से पहले अयोग्य ठहराये जाने के बाद अपनी मां को संबोधित एक भावुक संदेश में कुश्ती को अलविदा कहने की घोषणा की और कहा कि अब आगे खेलने की ताकत नहीं है। विनेश को बुधवार को महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग के फाइनल से पहले 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण अयोग्य ठहराया गया था। उन्होंने ‘एक्स’ पर संन्यास की घोषणा की। अपनी मां प्रेमलता को संबोधित करते हुए 29 वर्षीय विनेश ने लिखा, ‘‘मां, कुश्ती मेरे से जीत गई, मैं हार गई। माफ करना। आपका सपना मेरी हिम्मत सब टूट चुके। इससे ज्यादा ताकत नहीं रही अब।’’ दो बार की विश्व चौम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता ने कहा, ‘‘अलविदा कुश्ती 2001–2024। मैं आप सभी की हमेशा ऋणी रहूंगी। मुझे माफ कर दीजिए।बता दें कि विनेश फोगाट ने ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनकर इतिहास रचा था। सुबह तक उनका कम से कम सिल्वर मेडल पक्का लग रहा था लेकिन महज 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण वह ओलंपिक्स से बाहर हो गईं। पीएम मोदी ने बढ़ाया था हौंसला पीएम नरेंद्र मोदी ने बढ़ाया। पीएम मोदी ने ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा से विनेश से जुड़ी पूरी जानकारी ली साथ ही कई अन्य विकल्पों के बारे में भी पूछा। इससे पहले पीएम मोदी ने ग पर लिखा कि, विनेश आप चौंपियनों की चौंपियन हो। आप भारत का गौरव हो और हर भारतीय के लिए प्रेरणास्त्रोत हो। आज के झटके से दुख पहुंचा है, काश मैं शब्दों में बता पाता कि इस समय कितना मायूस हूं लेकिन मुझे पता है कि आप फिर वापसी करेंगी। चुनौतियों का डटकर सामना करना आपके स्वभाव में है। मजबूती से वापसी करो हम सभी आपके साथ हैं।

# भारत में हो सकता है महिला टी20 वर्ल्ड कप, आईसीसी जल्द कर सकता है फैसला

अगर बांग्लादेश टूर्नामेंट की मेजबानी ले ली जाती है तो इसमें कुछ भी हैरान करने वाला नहीं होगा। देश में लंबे समय से कर्फ्यू है, इंटरनेट बंद होने के साथ–साथ दंगे, आगजनी और हिंसा हो रही है। आईसीसी एक सप्ताह में फैसला ले सकता है। अन्य विकल्पों में भारत एक मजबूत दावेदार है।विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आयोजन बांग्लादेश में होना था, लेकिन बांग्लादेश में हुए हालिया घटनाक्रमों ने आईसीसी को असमंजस में डाल दिया है। देश में आंतरिक अशांति ने अक्टूबर में होने वाले वैश्विक आयोजन की सुरक्षा को लेकर आईसीसी मुख्यालय दुबई में चिंता बढ़ा दी है। वहीं क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार अगर बांग्लादेश टूर्नामेंट की मेजबानी ले ली जाती है तो इसमें कुछ भी हैरान करने वाला नहीं होगा। देश में लंबे समय से कर्फ्यू है, इंटरनेट बंद होने के साथ–साथ दंगे, आगजनी और हिंसा हो रही है। आईसीसी एक सप्ताह में फैसला ले सकता है। अन्य विकल्पों में भारत एक मजबूत दावेदार है। शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद छोड़ने और देश छोड़ने के बाद आईसीसी के प्रवक्ता ने कहा कि, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड उनकी सुरक्षा एजेंसियों और अपने स्वतंत्र सुरक्षा सलाहकारों के साथ समन्वय में आईसीसी घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रख रहा है। हमारी प्राथमिकता सभी प्रतिभागियों की सुरक्षा और भलाई है। साथ ही दस टीमों को 3 से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश के ढाका में शेरे बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम और सिलहट में सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 18 दिनों में 23 मैच खेलने हैं। लेकिन मौजूदा हालात को देखकर टूर्नामेंट का आयोजन मुश्किल लग रहा है। आईसीसी टूर्नामेंट के लिए बांग्लादेश के टाइम जोन वाला देश चुन सकता है। भारत के अलावा यूएई और श्रीलंका भी इस आवश्यकता को पूरा करते हैं।

# रिकार्ड हमेशा रहेंगे याद, कुश्ती के दंगल में बनाए शानदार कीर्तिमान

विनेश फोगाट सबसे पहले रध्यिो ओलंपिक 2016 में दिखी थी। इसके बाद उन्होंने टोक्यो ओलंपिक 2020 और पेरिस ओलंपिक 2024 में भी हिस्सा लिया। इसके अलावा विनेश की झोली में कुल तीन कॉमनवेल्थ गेम्स शामिल है। इसके अलावा वो दो वर्ल्ड चौंपियनशिप में ब्रॉन्ड मेडल जीत चुकी है।ओलंपिक में डिसक्वालिफाई होने के बाद विनेश फोगाट ने कुश्ती को अलविदा कह दिया है। भले ही उन्होंने आवेश में आकर ये फैसला लिया है मगर वो कई ऐसी कीर्तिमान बना गई है जिन्हें आने वाले कई वर्षों तक याद रखा जाएगा। महिला पहलवानों के लिए इन रिकॉर्ड को तोड़ना बेहद मुश्किल है। विनेश फोगाट भले ही मेडल ना जीत सकी हों मगर वो देश के बेहतरीन पहलवानों की सूची में शीर्ष पर जरुर काबिज है।बता दें कि विनेश फोगाट सबसे पहले रध्यिो ओलंपिक 2016 में दिखी थी। इसके बाद उन्होंने टोक्यो ओलंपिक 2020 और पेरिस ओलंपिक 2024 में भी हिस्सा लिया। इसके अलावा विनेश की झोली में कुल तीन कॉमनवेल्थ गेम्स शामिल है। इसके अलावा वो दो वर्ल्ड चौंपियनशिप में ब्रॉन्ड मेडल जीत चुकी है। एक एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक भी अपने नाम किया। वह 2021 में एशियाई चौंपियन भी रहीं। वह अपनी चचेरी बहन गीता फोगट और बबीता कुमारी के पदचिन्हों पर चलती हैं और वह एक प्रसिद्ध कुश्ती परिवार से ताल्लुक रखती हैं तथा उनके चाचा महावीर सिंह फोगट ने उन्हें बहुत कम उम्र में ही इस खेल से परिचित कराया था। शानदार जूनियर करियर के बाद, विनेश ने 2014 के राष्ट्रमंडल खेलों में अपना पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता, जिसमें उन्होंने 48 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने इस्तांबुल में ओलंपिक क्वालीफाइंग इवेंट जीतकर

# अगर हमें खिलाड़ियों को चुनने के मामले में कुछ अलग करने की जरूरत पड़ी तो हम ऐसा करेंगे– रोहित



कप्तान ने कहा, ‘‘हमें यह स्वीकार करना होगा कि हमने कहां गलतियां कीं। हम स्पिनरों के खिलाफ अधिक दृढ़ निश्चय और आक्रामकता नहीं दिखा सके और उन्होंने हम पर लगातार दबाव बनाया।’’भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि स्पिन की अनुकूल परिस्थितियों का सामना करने की कोशिश करते समय उनके खिलाड़ी ‘लगातार पर्याप्त बहादुरी नहीं’ दिखा पाए और उन्होंने संकेत दिया कि अगर ऐसा हुआ तो वे विशिष्ट परिस्थितियों के लिए विशेष खिलाड़ियों को चुनने से पीछे नहीं हटेंगे।भारत ने तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला का पहला मैच टाई किया लेकिन अगले दो मैचों में भारतीय बल्लेबाजों श्रीलंका के स्पिन आक्रमण के सामने घुटने टेक दिए। रोहित ने बिना किसी संकोच के कहा, ‘‘हमें यह सोचने की जरूरत है कि कौन से खिलाड़ी इस तरह की पिचों पर खेल सकते हैं, लेकिन आपको लगातार मौके देने की भी जरूरत है क्योंकि एक या दो मौकों पर अच्छा प्रदर्शन करना आसान नहीं है। यह एक खराब श्रृंखला रही और हमें इसे स्वीकार करना होगा।’ ’ बुधवार को तीसरे वनडे में 249 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 138 रन पर आउट होने के बाद कप्तान ने कहा, ‘‘हमें यह स्वीकार करना होगा कि हमने कहां गलतियां कीं। हम स्पिनरों के खिलाफ अधिक दृढ़ निश्चय और आक्रामकता नहीं दिखा सके और उन्होंने हम पर लगातार दबाव बनाया।’’ भारतीय टीम में जिस चीज की कमी थी, वह थी खिलाड़ियों की व्यक्तिगत योजनाएं। रोहित ने कहा, ‘‘यह व्यक्तिगत योजनाओं के बारे में है। हमारे सामने पहले भी ऐसी समस्याएं आई हैं,

# डिलीवरी के बाद बच्चे के लिए क्यों नहीं बन पाता है दूध ? जानें क्या हैं इसके कारण



डिलीवरी के बाद भी महिलाओं के शरीर में कई तरह के हार्मोनल चेंजेज होते हैं. आजकल ज्यादातर महिलाएं सी–सेक्शन के जरिए बच्चे को जन्म देती है. महिलाओं को अक्सर डिलीवरी के बाद ब्रेस्टफीडिंग में कई सारी दिक्कतें होती है. कई महिलाओं को आराम से दूध उतरता है लेकिन कुछ महिलाओं को बहुत ज्यादा दिक्कत होती है. ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि महिलाओं को क्या कदम उठाने चाहिए. जिसके कारण उनके बच्चे को पर्याप्त दूध मिले जो उनके सेहत के लिए अच्छा हो.सेहत पर बुरा असर पड़ता हैमहिलाओं को अक्सर डिलीवरी के बाद देखा गया है कि उन्हें बच्चे को ब्रेस्टफीडिंग करवाने में की सारी दिक्कतें होती है. उन्हें दूध नहीं उतरता है. कई महिलाओं को दूध तक नहीं होती है. ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि माताओं को यह कदम उठाने चाहिए. इसके कारण बच्चे और मां दोनों की सेहत प्रभावित होते हैं.हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक माताओं को अक्सर डिलीवरी के बाद दूध ा नहीं उतरता है. इसके पीछे का कारण डाइट होता है. कई बार ऐसा होता है कि माताएं अपनी गर्भावस्था के दौरान सही और अच्छी डाइट नहीं लेती है. जिसके कारण उन्हें डिलीवरी के बाद कई सारी समस्याएं होती है. इसके कारण बच्चे को ब्रेस्ट फ्रीडिंग के दौरान दिक्कत हो सकती है. दूध कम आता है. महिलाओं को बच्चे होने के अपनी डाइट का खास ख्याल रखना चाहिए

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक कई बार सी–सेक्शन के बाद बच्चे होते ही मां से अलग नर्सरी में रख दिया जाता है. ऐसे में मां बच्चे को देख नहीं पाती है. जिसके कारण दूध नहीं होता है. ऐसा भी देखा जाता है कि बच्चा मां के संपर्क आता है तब महिला का दूध उतरने लगता है. उन्होंने कहा कि सर्जरी के दौरान भी ऐसा होता है.महिला का शरीर अंदर से कमजोर रहता है तब भी दूध उतरने में वक्त लगता है. कई बार ऐसा होता है कि मां को दूध इतना कम होता है कि उनका पेट ही नहीं भर पाता है. ऐसे में महिलाओं को क्या करना चाहिए. महिलाओं को अपनी डाइट ज्यादा से ज्यादा चीजों और पोषण और प्रोटीन को शामिल करना चाहिए. इससे दूध आने लगती है।

# क्या बोतल में मुंह लगाकर पानी पीने से सेहत पर पड़ता है कोई असर ? जानें क्या है जवाब



पानी हम सभी के शरीर की जरूरत है. हमारे शरीर में करीब 65–70त्न पानी ही है. पानी हमें ऊर्जा देने के साथ हाइड्रेट भी रखती है. यह कई बीमारियों से बचाने का काम भी करती है. पानी के एक नहीं अनगिनत फायदे हैं. लेकिन बहुत कम लोग ही हैं, जिन्हें पानी पीने का सही तरीका पता है.अगर पानी सही तरह से न पीया जाए तो कई प्रॉब्लम्स हो सकती हैं. जैसे– कुछ लोग बोलत में मुंह लगाकार पानी पीते हैं तो कुछ लोग खड़े–खड़े ही पानी पीना पसंद करते हैं, जो गलत है. सुबह उठने से लेकर रात में सोने तक पानी पीने के कई तरीके बताए गए हैं जो सेहत के लिए जरूरी हैं. ऐसे में आइए जानते हैं पानी पीने का सही तरीका क्या है...बोतल में मुंह लगाकर पानी पीने के नुकसान

ज्यादातर लोग बोलत में मुंह लगाकर पानी पीना पसंद करते हैं. इससे उन्हें कई नुकसान झेलने पड़ सकते हैं. दरअसल, बोलत में मुंह लगाकर पानी पीने से उसमें लार लग जाती है, जिससे बैक्टीरिया पनप सकते हैं और बीमारियों का कारण बन सकते हैं. बोलत में मुंह लगाकर एक सांस में पानी पीना भी खतरनाक होता है. इससे गले में फंदा पड़ने और पेट फूलने का डर रहता है.क्या एक ही गिलास से पानी पीना हानिकारक हैकभी भी पानी पीने के लिए एक ही गिलास को बिना धोए हफ्ते तक इस्तेमाल नहीं करना चाहिए. इससे गिलास की सतह पर बैक्टीरिया पनप जाते हैं, जो तेजी से सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं. इसलिए पानी के गिलास को हमेशा साबुन से अच्छी तरह साफ करना चाहिए.पानी कब पीना चाहिए, कब नहीं1. रात को सोने से पहले और सुबह उठने के बाद एक गिलास पानी पीने से दिनभर एनर्जी बनी रहती है और पेट की समस्याएं नहीं होती हैं.

3. बढ़ते वजन को कम करने के लिए खाना खाने से पहले एक गिलास पानी पीना चाहिए.3. जिम में वर्कआउट या घर पर एक्सरसाइज करने से पहले और बाद एक गिलास पानी पीने से फायदे होते हैं.4. पूरे दिन हर घंटे थोड़ा–थोड़ा यानी घूंट–घूंट पानी पीना चाहिए. सिप में पानी पीने से कई फायदे होते हैं.5. पानी खड़े होकर कभी नहीं पीना चाहिए. पानी हमेशा बैठकर आराम से थोड़ा–थोड़ा पीना चाहिए. इससे किडनी और घुटने सही रहते हैं. 6. गुनगुना पानी पीने से पाचन तंत्र सही रहता है. इससे शरीर का दर्द भी दूर होता है.

# अजय के करियर की सबसे कमजोर फिल्म बनी औरों में कहां दम था, 5 दिन बाद भी 10 करोड़ से दूर

नीरज पांडे की डायरेक्शनल रोमांटिक थ्रिलर औरों में कहां दम था बॉक्स ऑफिस पर बेदम हो चुकी है. फिल्म में हिट जोड़ी अजय देवगन और तबू ने लीड किरदार निभाया है. लेकिन इनकी स्टार पावर भी दर्शकों की सनेमाघरों तक नहीं खींच पा रही है. जिसके चलते औरों में कहां दम था बॉक्स ऑफिस पर बेहद खराब परफॉर्म कर रही है. फिल्म रिलीज के पांच दिनों बाद भी 10 करोड़ का आंकड़ा नहीं छू पाई है. चलिए यहां जानते हैं औरों में कहां दम था ने रिलीज के 5वें दिन यानी पहले मंगलवार को कितना कलेक्शन किया है?औरों में कहां दम था के ट्रेलर आने के बाद से लग रहा था कि अजय देवगन स्टारर ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देगी. हालांकि रिलीज के बाद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर चारों खाने चित्त हो गई है. ये फिल्म अजय देवगन के करियर की सबसे खराब परफॉर्मर बन चुकी है. फिल्म रिलीज के पहले दिन से ही चंद करोड़ कमाने के लिए तरस रही है. फिलहाल औरों में कहां दम था का महज पांच दिनों में ही टिकट काउंट पर हाल बेहाल हो गया है. वहीं फिल्म की कमाई की बात करें तो फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 1.85 करोड़ कमाए. दूसरे दिन 2.15 करोड़ कमाए. तीसरे दिन फिल्म ने 2.75 करोड़ का कलेक्शन किया था जबकि चौथे दिन 1.04 करोड़ की कमाई की. वहीं अब फिल्म की रिलीज के पांचवें दिन यानी पहले मंगलवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक औरों में कहां दम था ने रिलीज के 5वें दिन यानी पहले मंगलवार को 90 लाख की कमाई की है. इसी के साथ औरों में कहां दम था का 5 दिनों का कुल कलेक्शन अब 8.65 करोड़ रुपये हो गया है.औरों में कहां दम था को रिलीज हुए पांच दिन हो चुके हैं लेकिन फिल्म की कमाई की रफ्तार बेहद स्लो बनी हुई है. आलम ये है कि पांच दिन



बाद भी ये फिल्म 10 करोड़ का आंकड़ा नहीं छू पाई है. इस रोमांटिक–थ्रिलर की कमाई के रास्ते में हॉलीवुड फिल्म डेडपूल एंड वूल्वरीन भी रोड़ा बनी हुई है. मार्वल्स की ये फिल्म भारत में रिलीज के 12 दिनों में 100 करोड़ से ज्यादा कमाई कर चुकी है. ऐसे में औरों में कहां दम था अजय देवगन के करियर की सबसे कमजोर फिल्म बन चुकी है. फिल्म की निराशाजनक परफॉर्मेंस देखते हुए ये साल 2024 की एक और फ्लॉप फिल्म बन चुकी है. नीरज पांडे द्वारा निर्देशित, औरों में कहां दम था में अजय देवगन और तबू के अलावा सई मांजरेकर, जिमी शेरगिल और शांतनु माहेश्वरी भी मुख्य भूमिका में हैं. ये फिल्म एक जोड़े के 2 दशकों से ज्यादा समय से चले आ रहे रिश्ते की कहानी बताती है, इस फिल्म को मिले–जुले रिव्यू मिले हैं और यह बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने में असफल रही है.

# खेल खेल में का नया गाना दूर न करें हुआ रिलीज, वाणी कपूर के साथ रोमांस करते दिखे खिलाड़ी

अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों अपनी फिल्म सरफिरा में नजर आ रहे हैं। हालांकि, इन दिनों सिनेमाघरों में लगी इस फिल्म की ज्यादा चर्चा नहीं है। इस बीच खिलाड़ी की अगली फिल्म चर्चा में हैं। अक्षय कुमार अब खेल खेल में फिल्म में नजर आएंगे। आज इस फिल्म का नया गाना दूर ना करीं रिलीज हुआ है। इसमें वे वाणी कपूर के साथ रोमांस करते नजर आए हैं। इस गाने को विशाल मिश्रा और जहरा एस खान ने गाया है।इस गाने को दूर न करें को विशाल मिश्रा और जहरा एस खान ने आवाज दी है। इस गाने के बोल गीतकार कुमार ने लिखे हैं। तनिष्क बागची ने गाने को कंपोज किया है। इस फिल्म में तापसी पन्नू, वाणी कपूर और फरदीन खान अहम किरदार अदा करते नजर आएंगे। एमी विर्क, आदित्य सील, प्रज्ञा जायसवाल भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।अक्षय कुमार की इस फिल्म का निर्देशन मुदस्सर अजीज ने किया है। फिल्म अगले महीने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का मुकाबला कई चर्चित फिल्मों से होने वाला है। इनमें श्रद्धा कपूर की फिल्म स्त्री 2 और जॉन अब्राहम की वेदा जैसी फिल्में शामिल हैं।अक्षय कुमार की इस फिल्म को टी–सीरीज और वकाओ फिल्म्स प्रोड्यूस कर रहे हैं। दर्शकों को अब फिल्म के ट्रेलर का इंतजार है। ट्रेलर 2 अगस्त को मुंबई में एक भव्य इवेंट में लॉन्च होगा। खेल खेल में के थिएट्रिकल ट्रेलर को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन द्वारा यूध्ए सर्टिफिकेट दिया गया है, जिसका रन टाइम 3 मिनट 8 सेकंड बताया जा रहा है।

अक्षय कुमार की फिल्म सरफिरा इसी महीने रिलीज हुई। लेकिन, सिनेमाघरों में इसे कोई पानी भी पूछता नजर नहीं आ रहा है। 12 जुलाई



को रिलीज हुई यह फिल्म कल्कि 2898 एडी, किल और अब अमेरिकी फिल्म डेडपूल और वूल्वरिन के बीच दबकर रह गई। अब देखना दिलचस्प होगा कि खेल खेल में अक्षय कुमार की किस्मत को कहां लेकर जाती है।

# बाक्स आफिस पर बुरी तरह पिटी जाह्नवी कपूर की उलझ, लाखों कमाना भी हो रहा मुश्किल

जाह्नवी कपूर स्टारर फिल्म श्उलझ्य दर्शकों को लुभाने में नाकामयाब साबित हुई है. हालांकि रिलीज से पहले फिल्म को लेकर काफी बज देखा जा रहा था लेकिन सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद इसकी बेहद धीमी शुरुआत हुई. वीकेंड पर भी फिल्म की कमाई में मामूली तेजी ही देखी गई. वहीं वीकडेज में तो श्उलझ्य की हालत बेहद पतली हो गई है. फिल्म के लिए लाखों कमाना भी मुश्किल हो गया है. चलिए यहां जानते हैं श्उलझ्य ने रिलीज के 5वें दिन कितनी कमाई की है?जाह्नवी कपूर और गुलशन देवैया स्टारर फिल्म उलझ्य सिनेमाघरों में इस शुक्रवार को अजय देवगन स्टारर औरों में कहां दम था के साथ रिलीज हुई थी. दोनों ही फिल्में अलग–अलग जॉनर की हैं. लेकिन ये दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच कर लाने में नाकामयाब रही हैं. खासतरौ पर



श्उलझ्य का तो बहुत बुरा हाल है. यूं कहिए कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई है. फिल्म की शुरुआत ही बेहद खराब हुई थी और फिर ओपनिंग वीकेंड पर भी ये टिकट काउंटर पर स्ट्रगल करती हुई नजर आई. वहीं अब रिलीज के पहले हफ्ते में ही ये फिल्म लाखों में सिमट गई है.फिल्म की कमाई की बात करें तो उलझ ने रिलीज के पहले दिन 1.15 करोड़ का केलक्शन किया था. दूसेर दिन फिल्म ने 1.75 करोड़ कमाए. तीसरे दिन फिल्म की कलेक्शन 2 करोड़ रहा और चौथे दिन श्उलझ्य ने 57 लाख का कलेक्शन किया. वहीं अब फिल्म की रिलीज के पांचवें दिन यानी मंगलवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक श्उलझ्य ने रिलीज के 5वें दिन यानी मंगलवार को भी 65 लाख की कमाई की है. इसी के साथ श्उलझ्य का 5 दिनों का कुल कारोबार अब 6.20 करोड़ रुपये हो गया है.श्उलझ्य का बॉक्स ऑफिस पर टिकना बेहद मुश्किल लग रहा है. फिल्म को रिलीज हुए महज 5 दिन हुए हैं और ये अब लाखों कमाने में भी काफी स्ट्रगल कर रही है. श्उलझ्य की कमाई की रफ्तार इतनी धीमी है कि अब इसका बॉक्स ऑफिस से पैकअप होता हुआ नजर आ रहा है. ये फिल्म अपनी आधी लागत तो दूर 10 करोड़ का आंकड़ा भी छूने में फेल साबित हो रही है.उलझ में जाह्नवी कपूर के अलावा गुलशन देवैया, आदिल हुसैन, रोशन मैथ्यूज और राजेश तैलंग भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं. इस फिल्म का निर्देशन सुध ांशु सरिया ने किया है.

# फिर आई हसीन दिलरुबा के एक साथ सारे गाने हुए रिलीज

पिछले कुछ समय से तापसी पन्नू अपनी फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं।इस फिल्म में विक्रांत मैसी और सनी कौशल भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 2021 में आई फिल्म हसीन दिलरुबा की दूसरी किस्त है।फिर आई



हसीन दिलरुबा का प्रीमियर 9 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है।इससे पहले अब निर्माताओं ने एक साथ फिल्म के सारे गाने रिलीज कर दिए हैं, जिन्हें प्रशंसक पंसद कर रहे हैं।

हसीन दिलरुबा में कुल 3 गाने होंगे, जिसमें हंसते हंसते, क्या हाल है और आजाद शामिल हैं।हंसते हंसते को सचेत टंडन ने अपनी आवाज दी है, वहीं क्या हाल है के लिए सिर सचेत ने अपनी पत्नी परंपरा टंडन के साथ लगाए हैं।इसके अलावा आजाद गाने को अनुराग सैकिया और विवेक हरिहरन ने मिलकर गाया है।फिर आई हसीन दिलरुबा के निर्देशन की कमान जयप्रद देसाई ने संभाली है। फिल्म की कहानी कनिका ढिल्लों ने लिखी है।

फिल्म की कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां पहली फिल्म खत्म हुई थी। रानी और रिशु अब आगरा में हैं और एक नई जिंदगी शुरू करने के लिए भाग रहे हैं, लेकिन उनकी जिंदगी में नई एंट्री उनके लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है। इससे पहले ट्रेलर में फिल्म की रोमांचक कहानी की झलक देखने को मिली थी। ट्रेलर में रानी और रिशु की अपने परेशान अतीत से आगे बढ़ने की कोशिशों की झलक दिखाई गई, लेकिन वे नई चुनौतियों में उलझ जाते हैं। जैसे ही वे एक शांतिपूर्ण जीवन की खोज में आगे बढ़ते हैं, तभी सनी कौशल उनकी जिंदगी में दस्तक देते हैं और वे एक नई राह पर चल पड़ते हैं।

हसीन दिलरुबा नेटफ्लिक्स पर 2021 में रिलीज हुई थी, जिसमें विक्रांत मैसी और हर्षवर्धन राणे ने अभिनय किया था। इसका सीक्वल दिसंबर 2023 में पूरा हुआ था। वहीं अब फिल्म इस साल दर्शकों के बीच धमाल मचाने के लिए तैयार है। फिर आई हसीन दिलरुबा का प्रीमियर 9 अगस्त, 2024 को नेटफ्लिक्स पर होने वाला है।

# शमा सिकंदर ने क्राप टाप पहन दिए किलर पोज, एक्ट्रेस की हाटनेस ने बढ़ाया सोशल मीडिया का तापमान

टीवी की खूबसूरत अदाकारा शमा सिकंदर आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो आए दिन अपने स्टाइलिश लुक और बोल्ड ड्रेसिंग सेंस से लोगों के बीच लाइमलाइट में बनी रहती हैं।हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें उनका स्टनिंग अवतार नजर आ रहा है. शमा ने ब्लू कलर डेनिम क्रॉप टॉप और पैंट पहना है. लाइट मेकअप के साथ बालों को खुला छोड़ा है साथ ही ईयररिंग्स उनपर काफी जच रहे हैं और कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सेक्सी पोज देते दिखाई दे रही हैं. एक्ट्रेस की हॉटनेस ने सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है. एक्ट्रेस का यह ग्लैमरस



अवतार देख यूजर्स खुद को रोक नहीं पा रहे हैं और कमेंट बॉक्स पर फायर इमोजी और रेड हार्ट ड्रॉप कर रहे हैं.टीवी एक्ट्रेस शमा सिकंदर को अपने फैंस का दिल जीतना अच्छी तरह से आता है. एक्ट्रेस शमा सिकंदर हमेशा अपने स्टाइलिश ड्रेसिंग सेंस और बोल्ड फिगर के चलते सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं।वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी प्रतिक्रियाएं देते हुए नहीं थकते हैं।इ बता दें कि चाहे इंडियन हो या फिर वेस्टर्न एक्ट्रेस शमा सिकंदर अपने हर लुक में कहर ढाती हैं। उनका सिजलिंग अवतार अक्सर फैंस के बीच तबाही मचा देता है।

## हंसिका मोटवानी की हारर फिल्म गांधारी का भयानक ट्रेलर रिलीज

तमिल फिल्मों में अक्सर नजर आने वाली हंसिका मोटवानी अब गांधारी नाम की नई फिल्म लेकर आ रही हैं। हंसिका और निर्देशक आर कन्नन 2013 में सेट्टाईध्क्रेजी के बाद गांधारी में साथ काम कर रहे हैं, जो डेल्ही बेली की रीमेक थी। निर्माताओं ने हॉरर फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया है।हालांकि ट्रेलर में बहुत कुछ नहीं बताया गया है, लेकिन यह बताता है कि एक परित्यक्त और प्रेतवाधित महल की दिव्य सीलिंग टूट जाती है, जिससे गांधारी (हंसिका) नाम की एक आत्मा बाहर आ जाती है, जो उस जगह की रखवाली करती है। हंसिका, दोहरी भूमिका में हैं, फिल्म में हिंदू ट्रस्ट समिति की प्रमुख अधिकारी की भूमिका भी निभाती हैं।फिल्म की कहानी एक युवा महिला पर आधारित है जो हिंदू ट्रस्ट समिति की मुख्य अधिकारी के रूप में काम करती है और सदियों



पहले एक पूर्व राजा द्वारा निर्मित गंधर्व कोट्टई नामक एक प्राचीन विशाल संरचना के अनुसंधान में जुट जाती है। इस प्रक्रिया में उसे कई चौंकाने वाली घटनाओं का सामना करना पड़ता है।
हंसिका मेट्रो सिरीश, मायिलसामी, थलाइवासल विजय, आदुकलम नरेन, स्टंट सिल्वा, विनोदिनी, पवन, ब्रिगेडा सागा, वडिवेल मुरुगन, कलैरानी और कई अन्य कलाकारों के साथ महत्वपूर्ण भूमिकाओं में शामिल होंगी। निर्देशक आर कन्नन अपने मसाला पिक्स बैनर के तहत इस परियोजना का समर्थन करेंगे। तकनीकी दल में छायाकार बालासुब्रमण्यन, संगीत निर्देशक एलवी गणेश मुथु शामिल हैं। निर्माता अगस्त में रिलीज की योजना बना रहे हैं।

## ड्रग्स मामले में ममता कुलकर्णी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को खारिज कर दिया

बॉम्बे हाईकोर्ट ने पूर्व बॉलीवुड अदाकारा ममता कुलकर्णी के खिलाफ दर्ज 2016 के ड्रग्स मामले को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि उनके खिलाफ कार्यवाही स्पष्ट रूप से तुच्छ और परेशान करने वाली थी और इसे जारी रखना अदालत की प्रक्रिया का दुरुपयोग करने जैसा होगा।बॉम्बे हाईकोर्ट ने पूर्व बॉलीवुड अदाकारा ममता कुलकर्णी के खिलाफ दर्ज 2016 के ड्रग्स मामले को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि उनके खिलाफ कार्यवाही स्पष्ट रूप से तुच्छ और परेशान करने वाली थी और इसे जारी रखना अदालत की प्रक्रिया का दुरुपयोग करने जैसा होगा।जस्टिस भारती डांगरे और मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने 22 जुलाई को पारित एक आदेश में, जिसकी एक प्रति बुधवार को उपलब्ध कराई गई, कहा कि यह स्पष्ट राय है कि कुलकर्णी के खिलाफ एकत्र की गई सामग्री प्रथम दृष्टया उनके खिलाफ कोई अपराध नहीं बनाती है। पीठ ने अपने आदेश में कहा, हम संतुष्ट हैं कि याचिकाकर्ता (कुलकर्णी) के खिलाफ अभियोजन जारी रखना अदालत की प्रक्रिया का दुरुपयोग करने जैसा होगा। अदालत ने कहा कि वह संतुष्ट है ।

# 15 नहीं अब 14 अगस्त को रिलीज होगी स्त्री 2!, हारर कामेडी फिल्म के 1 दिन पहले होंगे नाइट शो

राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर स्टारर हॉरर कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 अपनी रिलीज के नजदीक पहुंच रही है. स्त्री 2 को रिलीज होने में अब बस एक हफ्ता बचा है. इस बीच स्त्री 2 को लेकर बड़ा अपडेट आया है. स्त्री 2 आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज होने जा रही है, लेकिन फिल्म स्त्री 2 की रिलीज डेट को लेकर बड़ा अपडेट आया है. अब फिल्म एक दिन पहले यानि 14 अगस्त को रिलीज होने जा रही है. बता दें, 15 अगस्त को जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ की एक्शन ड्रामा फिल्म वेदा, अक्षय कुमार, फरदीन खान, एमी वर्क, आदित्य सील, तापसी पन्नू, प्रज्ञा



जायसवाल, वाणी कपूर स्टारर कॉमेडी ड्रामा फिल्म खेल खेल में भी रिलीज होने जा रही है.रिपोर्ट्स की मानें तो स्त्री 2 के मेकर्स ने फिल्म की रिलीज से पहले यह बड़ा कदम उठाया है. फिल्म के डायरेक्टर अमर कौशिक के साथ मिलकर फिल्म के प्रोड्यूसर दिनेश विजान और जियो स्टूडियोज ने 14 अगस्त को फिल्म स्त्री 2 के नाइट शो चलाने का प्लान किया है. इससे पहले स्त्री 2 के मेकर्स ने अपनी हॉरर कॉमेडी फिल्म मुंज्या के लिए भी ऐसा किया था और इसके मिडनाइट शो चलाए थे. वहीं, स्त्री 2 के नाइट शो 14 अगस्त को शाम 7.30 बजे से शुरू होंगे. 14 अगस्त को फैन ओनली इवेंट्स के जरिए स्त्री 2 के नाइट शो चलाने की तैयारी है. हालांकि के स्त्री 2 के मेकर्स की इस पर अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है.स्त्री 2 के बारे में बता दें मडोक के हॉरर यूनिवर्स की फिल्म है, जिसका पहला पार्ट साल 2018 में रिलीज हुई थी. पूरे छह साल बाद स्त्री का पार्ट 2 आ आ रहा है. फिल्म में राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर, पंकज त्रिपाठी और अभिषेक बनर्जी एक बार फिर अपने कॉमिक अंदाज से हंसाने आ रहे हैं.

# म्यूजिक एल्बम जिक्र तेरा में कुणाल जयसिंह के साथ काम करना मजेदार सुरभि चंदना



टीवी इंडस्ट्री में मशहूर एक्ट्रेस सुरभि चंदना के लाखों दीवाने हैं। उनका चुलबुला और दिलकश अंदाज फैंस को काफी पसंद आता है। इन दिनों वह अपने नए म्यूजिक एल्बम जिक्र तेरा को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। इसमें उनके साथ इश्कबाज के को–स्टार कुणाल जयसिंह हैं।कुणाल जयसिंह के बारे में बात करते हुए सुरभि ने कहा, कुणाल और मैं एक दूसरे को इश्कबाज के दिनों से ही जानते हैं। इश्कबाज से पहले भी हमने साथ में एक्टिंग वर्कशॉप की थी। हमने साथ में करीब ढाई से तीन साल तक काम किया।उन्होंने कहा, इतने सालों के बाद फिर से साथ काम करना और एक–दूसरे के साथ सही जोड़ी बनाना, मेरे लिए एक बहुत ही अलग और मजेदार एक्सपीरियंस था।जिक्र तेरा एक रोमांटिक गाना है, जिकी शूटिंग कश्मीर में हुई है।कुणाल ने गाने में राहील नामक एक गुंडे का किरदार निभाया है, वहीं सुरभि ने इनाया का रोल अदा किया है।यह गाना 8 अगस्त को फील गुड ओरिजिनल यूट्यूब चौनल पर रिलीज होने वाला है।सुरभि ने फिलहाल टीवी से ब्रेक लिया हुआ है। उन्हें पिछली बार शेरदिल शेरगिल में धीरज धूपर के साथ देखा गया था।एक्ट्रेस के करियर की बात करें तो सुरभि ने अपने करियर की शुरुआत साल 2009 में मशहूर कॉमेडी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा से की थी। इसमें वह स्वीटी की भूमिका में नजर आईं। उन्हें जी टीवी के सीरियल जमाई राजा में लीड एक्ट्रेस के तौर पर सलेक्ट किया गया था, लेकिन बाद में मेकर्स ने निया शर्मा को चुन लिया।इसके बाद वह स्टार प्लस के शो एक ननद की खुशियों की चाबी... मेरी भाभी में काम किया था। वह सुजैन के रोल में थीं। वह जी टीवी के शो कुबूल है का हिस्सा रहीं। इसमें उन्होंने हया का किरदार निभाया और यहां से वह दर्शकों के बीच पहचानी जानी लगी, लेकिन लोकप्रियता इश्कबाज से मिली। इसमें उन्होंने अनिका ओबेरॉय का किरदार निभाया।वह टीवी शो संजीवनी के नए सीजन में डॉक्टर इशानी अरोड़ा के किरदार में नजर आई थीं। टीवी शो नागिन में उन्हें लोगों ने काफी पसंद किया। वह म्यूजिक वीडियो बेपनाह प्यार में भी नजर आ चुकी हैं। इसके अलावा, हुनरबाज में उन्होंने एंकर के तौर पर भारती सिंह को रिप्लेस किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्री ट्रायल की बैठक का हुआ आयोजन

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–
राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश के क्रम में दिनांक 14–09–2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक विवाद से संबंधित मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित किए जाने को लेकर आज रमेश चन्द–प्रथम, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, सिद्धार्थनगर की अध्यक्षता में प्री–ट्रायल बैठक का आयोजन किया गया बैठक में मनोज कुमार तिवारी अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व परिवार न्यायालय के परामर्शदाता एवं मध्यस्थता केन्द्र के मध्यस्थ उपस्थित रहे रमेश चन्द–प्रथम, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय,



सिद्धार्थनगर द्वारा बैठक में दिनांक 14–09–2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक पारिवारिक मामलों को निस्तारित किये जाने पर बल दिया गया तथा परिवार न्यायालय के परामर्शदाता एवं मध्यस्थता केन्द्र के मध्यस्थों के साथ अधिक से अधिक पारिवारिक वादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किये जाने पर विचार–विमर्श किया गय मनोज कुमार तिवारी अपर जनपद एव सत्र न्यायाधीश पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर द्वारा दिनांक 14–09–2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु उपस्थित परामर्शदाता एवं मध्यस्थता केन्द्र के मध्यस्थों से अपील की गई एवं 14–09–2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में चिन्हित वादों के संदर्भ में अगली प्री–ट्रायल बैठक में उपस्थित होने हेतु पक्षकारों को नोटिस जारी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# पेयजल और पौष्टिक आहार के बारे में जनजागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजन

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से न्यू जेनेसिस (दिल्ली) संस्था द्वारा डुमरियागंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत थूमहवा के आंगनबाड़ी केंद्र में पौष्टिक आहार एवं पोषाहार में अच्छी गुणवत्ता तथा पेयजल के महत्व पर संवाद कार्यक्रम करके दलिया और चना दाल से होने बाले फायदे के बारे में बताया गया इसके साथ ही साफ सफाई और पानी को इस्तेमाल करने और बचाने के बारे में काफी महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी मास्टर ट्रेनर लविश आर्या ने आंगनवाड़ी कार्यक्रम के दौरान बताया कि चना दाल के सेवन से हड्डियाँ मजबूत होती हैं ...पाचन के लिए अति उत्तम है और ब्लड शुगर भी कंट्रोल होता है । इसी तरह दलिया का सेवन करने पर शरीर से गंदे टॉक्सिंस फ्लश होकर बाहर निकल जाते हैं और पेट साफ होता है। जिससे कब्ज, गैस,जी मितलाना, पेट दर्द और पेट फूलने जैसी दिक्कतें दूर रहती हैं कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी गीता देवीगांव के प्रधान उवैदुल्ला , ट्रेनर लविश आर्या को–ऑर्डिनेटर आकाश कुमार बरेली, जौहर अली एवं टीम के अन्य लोग उपस्थित रहे।




# प्राथमिक विद्यालय धेन्सा नानकार का किया गया निरीक्षण




ब्यूरो सिद्धार्थनगर–
नौगढ़ विकास खंड अंतर्गत ग्राम सभा धेन्सा नानकार का मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान छात्र छात्राओं की उपस्थिति पंजिका को देखा गया उपस्थिति बढाने के सम्मबन्ध में निर्देश दिया कि बच्चो की उपस्थिति बढ़ाने के लिए ग्राम भ्रमण करें विद्यालय में एम.डी.एम. बनाया गया है, परन्तु सैम्पल नही रखा गया है खेलकूद सामग्री को अलमारी में बन्द रखा गया है प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया कि मध्यावकाश में सामग्री बच्चों को वितरित करें बच्चो को ड्रेस, किताब, जूता मोजा आदि क्रय करने हेतु अभिभावको को जागरूक करते हुए क्रय कराये जाने हेतु निर्देश दिया गया।

# ग्राम पंचायत कोडरा ग्रांट में विकास कार्यो को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने किया निरीक्षण

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–
मुख्य विकास अधिकारी, श्री जयेन्द्र कुमार द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजना ग्राम पंचायत कोड़रा ग्राण्ट के ग्राम कोड़रा खास में इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया मस्टररोल के अनुसार 18 श्रमिक मौके पर नियोजित किये गये है ग्राम रोजगार सेवक द्वारा बताया गया कि एन0एम0एस0 पर 17 श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज किया गया है निरीक्षण के समय अपरान्ह



1.30 बजे कम संख्या में ही श्रमिक उपस्थित थे, ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव द्वारा बताया गया कि मध्यान्ह भोजन अवकाश होने के कारण अधिकांश श्रमिक घर चले गये है तकनीकी सहायक को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले सामग्री का समय–समय पर गुणवत्ता का परीक्षण करते हुए मानक के अनुरूप निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## न्यायालय में दुकानों के नीलामी के संबंध में निकाली गई निविदा।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेशानुसार जनपद न्यायालय सिद्धार्थनगर के मुख्यालय परिसर में स्थित कैन्टीन, फोटो कापी मय फोटोग्राफी की दुकान संख्या–02, जनरल स्टोर एवं बेकरी की दुकान, भूजा की दुकान व पान की दुकान की नीलामी हेतु सीलबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की गयी है इच्छुक व्यक्ति अपनी निविदाएं दिनांक– 21.08.2024 को समय अपराह्न 2रू00 बजे तक केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय, सिद्धार्थनगर में प्रस्तुत करेंगे, उसी दिन अपराह्न 2रू00 बजे न्यायालय भवन के सभागार में नीलामी समिति के समक्ष सभी निविदायें खोली जायेंगी इच्छुक व्यक्ति यदि उक्त दुकानों का निरीक्षण करना चाहें तो इससे पूर्व किसी भी कार्यदिवस में सुबह 10रू00 बजे से सायं 4रू00 बजे के मध्य केन्द्रीय नाजिर, जनपद न्यायालय, सिद्धार्थनगर के माध्यम से निरीक्षण कर सकते हैं। उक्त जानकारी अनुभव कटियार अध्यक्ष नीलामी समितिः सिविल जज (सी. डि.) सिद्धार्थनगर द्वारा दिया गया है।

## माडल स्कूल करौदा मसीन का किया गया निरीक्षण।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–
मॉडल प्राथमिक विद्यालय, करौंदा मसिना विकास क्षेत्र जोगिया का जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर द्वारा निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान विद्यालय में साफ–सफाई व्यवस्था ठीक पाई गई छात्र का खेल का सामान भी सही पाया गया मिड डे मील रजिस्टर देखा गया जिलाधिकारी द्वारा अभिभावको की नियमित




बैठक होती है निपुण विद्यालय की कार्ययोजना उपलब्ध पाया गया शिक्षको द्वारा डायरी भरी जा रही है विद्यालय में टीएलएम उपलब्ध पाया गया बच्चो का साप्ताहिक आकंलन किया जाता है निपुण तालिका कक्षावारधविषयवार भरा पाया गया जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षको की प्रशंसा की गयी।

# उपस्वास्थ्य केंद्र का जिलाधिकारी द्वारा किया गया निरीक्षण

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–
प्राथमिक उपस्वास्थ्य केन्द्र, करौंदा मसिना का जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर द्वारा निरीक्षण किया गयानिरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर को अवगत कराया गया कि 1 ए.एन.एम. तैनात है तथा इस उपकेन्द्र के अन्तर्गत 07 आशा कार्यरत है सी एच ओ द्वारा 14 प्रकार की जांच की जाती है जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि उपकेन्द्र की साफ–सफाई व्यवस्था ठीक कराने व सभी प्रकार की सुविधायें लोगो को दिये जाने का निर्देश दिया इसके साथ ही ए एन एम को निर्देश दिया कि गर्भवती महिलाओ का




टीकाकरण समय से कराये इसके साथ ही एच आर पी गर्भवती महिलाओ को फोन कर जानकारी प्राप्त करे तथा नियमित जांच हो रही है आदि के बारे में जानकारी प्राप्त करे।

## विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में गोगपा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंच किया प्रदर्शन

### महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार को संबोधित 20 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा

सोनभद्र(आरएनएस )। विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में गोड़वाना गणतंत्र पार्टी (गोगपा) कार्यकर्ता वृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित अपनी 20 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी रामलाल यादव को सौंपा। गोड़वाना गणतंत्र पार्टी के जिला प्रवक्ता एडवोकेट संतोष कुमार ने बताया कि विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को मनाया जाता है। अबकी बार 9 अगस्त को नागपंचमी का पर्व होने की वजह से इसके उपलक्ष्य में 8 अगस्त को ही कलेक्ट्रेट पर यह कार्यक्रम रखा गया है। जिले भर के आदिवासी समाज के लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि गोड़वाना गणतंत्र पार्टी के जिलाध्यक्ष रामनरेश पोया की अगुवाई में मुख्य अतिथि गोड़वाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष रमाशंकर पोया की मौजूदगी में जिले के आदिवासियों, वनवासियों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित 20 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन पत्र महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित प्रशासनिक अधिकारी रामलाल यादव को सौंपा गया। प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से रामचंद्र टेकाम,राजेंद्र सिंह मरपची,विनोद सिंह, श्याम विहारी मरकाम, संतोष कुमार, भरत लाल कन्नौजिया आदि शामिल रहे।

# गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

‘काकोरी ट्रेन एक्शन’’ की 100 वीं वर्षगाठ के अवसर पर 09 अगस्त 2024 को क्रान्तिकारियों के सम्मान में विविध प्रकार के कार्यक्रमो का होगा आयोजन–जिलाधिकारी

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि ‘‘काकोरी ट्रेन एक्शन’’ की 100 वीं वर्षगाठ के अवसर पर दिनांक 09 अगस्त 2024 से क्रान्तिकारियों के सम्मान में विविधि प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगें, जिसकी रूप रेखा शासनादेशानुसार तैयार कर ली गयी है, 09 अगस्त 2024 को कलेक्ट्रेट परिसर में विशेष स्वछता अभियान का शुभारम्भ किया जायेगा, शताब्दी महोत्सव जनपद में विभिन्न गतिविधियों के साथ वर्ष–पर्यन्त मनाये की तिथि निधारित की गयी है, नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ‘‘काकोरी ट्रेन एक्शन’’ की 100 वीं वर्षगाठ के अवसर पर काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह मनाया जायेगा, काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्ष गाठ के शुभारम्भ की तिथि दिनांक 09 अगस्त 2024 को शहीद स्मारको, स्मृति स्थलो, अमृत सरोवरों के तट पर वृहद रूप से कार्यक्रम आयोजित किए जायेगें।

इस अवसर पर व्यापक स्तर पर किशोर एवं युवाओं के सहयोग एवं सहभागिता से उक्त आयोजन को सफल बनाया जायेगा। उक्त आयोजन को व्यापक एवं सफल बनाये जाने हेतु बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा तकनीकी प्राविधिक शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के सरकारी एवं निजी संस्थानों के अधिकारियोंध्कर्मचारियोंध शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सम्पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी, इस हेतु जनपद स्तर पर प्राथमिकध्उच्चतर विद्यालयोंध महाविद्यालयोंधविश्वविद्यालयों एवं विभिन्न संस्थाओं में निम्नानुसार प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा,

इस दौरान स्कूली छात्र–छात्राओं के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किये जायेंगें जैसे–सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता– काकोरी ट्रेन एक्शन, मैनपुरी षडयंत्र केस, 1857 से 1947 तक के स्वतंत्रता संग्राम की घटनाओं, स्थानों एवं आजादी के ज्ञात एवं अज्ञात नायकों पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा, चित्रकलाध्पेंटिंग प्रतियोगिता–1857 की क्रांति के स्थानीय नायक, स्थानीय घटनांए, काकोरी के नायक एवं घटनाएं, 1857 से 1947 तक के क्रांतिकारियों पर आधारित किशोर एवं युवा वर्ग हेतु चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा, सुलेख एवं निबन्ध प्रतियोगिता–बच्चों एवं विद्यार्थियों में भाषा एवं लेखन में अभिरूचि एवं विकास के प्रोत्साहन हेतु 05 वर्ष से 12 वर्ष तक के बच्चों के लिये सुलेख प्रतियोगिता एवं किशोरवय के बच्चों के लिये निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा, उक्त प्रतियोगिताओं का विषय स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े नायकोंध विभिन्न घटनाएं एवं स्थलों पर आधारित होगा।

# आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कालेज रेणुकूटजिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित

रेणुकूट(सोनभद्र)(आरएनएस )। हिण्डाल्को द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज, रेणुकूट में उ.प्र. माध्यमिक शिक्षा खेलकूद के अन्तर्गत 68वीं मंडलीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विंध्याचल मंडल के अंतर्गत सोनभद्र व मिर्जापुर जिले के अन्डर–19, अन्डर–17 व अन्डर–14 बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग में 40 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि तथा मेजबान विद्यालय की प्रबंधक वनिता वासनिक, प्रधानाचार्य दयानन्द शुक्ल व उप–प्रधानाचार्य विजय भागवत पाटिल ने दीप प्रज्ज्वलन कर व खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। जहाँ प्रतियोगिता के अन्डर–14, अन्डर–17 व अन्डर–19 बालिकाओं के तीनों वर्गो में सोनभद्र जिला विजेता रहा। वहीं बालक वर्ग में भी अन्डर–14, अन्डर–17 अन्डर–19 तीनों ही वर्गों में भी सोनभद्र विजेता तथा मिर्जापुर उप–विजेता रहा। इसमें चयनित 30 विजेता आगामी प्रादेशिक प्रतियोगिता में विंध्याचल मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे। मुख्य अतिथि ने खेल को शारीरिक एवं बौद्धिक विकास के लिए आवश्यक बताया साथ ही समाज में खेलों की भूमिका को समझाते हुए सभी को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में आप सभी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना व हम सभी का नाम रोशन करेंगे।

प्रतियोगिता विद्यालय की क्रीड़ा प्रभारी शिक्षिका मीरा जायसवाल के कुशल नेतृत्व में खेल शिक्षक बलबीर सिंह, एच0 एन0 सिंह व जितेन्द्र कुमार सिंह के सहयोग से सम्पन्न हुई। जिसमें आदित्य कुमार गुप्ता, संदीप कुमार गुप्ता, आकाश कुमार यादव, विवेक व हृदयेश यादव ने ऑर्बिटर की भूमिका अदा की। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में अन्य विद्यालयों के शिक्षक अवधेश कुमार गुप्ता, बी0 एल0 पाठक, महेन्द्र प्रताप सिंह, राहुल कुमार तथा रूपेश सिंह के साथ–साथ विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का सहयोग अत्यन्त सराहनीय रहा।

# करीब साढ़े 10 वर्ष पूर्व हुए राजू हत्याकांड का मामला

सोनभद्र(आरएनएस )। करीब साढ़े 10 वर्ष पूर्व हुए राजू हत्याकांड के मामले में वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम जीतेंद्र कुमार द्विवेदी की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषियों संजय कुमार धोबी व मनीष कुमार को उम्रकैद व 25–25 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 4–4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक राजेश उर्फ बल्ला पुत्र स्वर्गीय बद्री प्रसाद गुप्ता निवासी न्यू मार्केट रॉबर्ट्सगंज, थाना रॉबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र ने 4 नवम्बर 2013 को रॉबर्ट्सगंज थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 3ध4 नवंबर 2013 को रात्रि करीब 12 बजे उसके छोटे भाई राजू उर्फ ननकू से संजय कुमार धोबी पुत्र मुन्नालाल उर्फ खेदू निवासी अशोक नगर, रॉबर्ट्सगंज तथा मनीष कुमार पुत्र लालधारी निवासी आर्यनगर, रॉबर्ट्सगंज के बीच गाली गलौज हो गया था, क्योंकि संजय और मनीष दारू पीकर दरवाजे पर गाली दे रहे थे। जिसपर उसके भाई ने दो चार थप्पड़ मारकर दोनों को भगाने की कोशिश किया। इसपर संजय और मनीष ने यह धमकी दिया कि 24 घण्टे के भीतर हमलोग तुम्हें सबक सिखा देंगे।इसके बाद करीब 2रू30 बजे भोर में संजय और मनीष फिर उसके घर पर आए और माफी मांगने लगे और कहा कि अब हमलोग कुछ नहीं करेंगे। इसके बाद कहा कि दिवाली की हमलोगों को त्यौहारी दीजिए और हमलोग राजू के साथ जाकर कुछ खा पी लेंगे। उसके बाद संजय और मनीष राजू को लेकर नईबस्ती शराब की दुकान पर ले गए और धोखे से राजू के ऊपर ईट और पत्थर से प्रहार कर सर और चेहरे पर गंभीर चोटें पहुंचा कर हत्या कर दिया। लाश मौके पर पड़ी है। आवश्यक कार्रवाई की जाए। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया। मामले की विवेचना करते हुए विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर कोर्ट ने दोषसिद्ध पाकर दोषियों संजय कुमार धोबी व मनीष कुमार को उम्रकैद व 25–25 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 4–4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील विनोद कुमार पाठक ने बहस की।

# हमारे राष्ट्र की धरोहर है स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व उनके परिवार के लोग–आशु

सोनभद्र(आरएनएस )। घोरावल विधानसभा के परासी में स्थित शहिद उद्यान में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे (आशु) ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के चंद्रकांत शर्मा, पुत्र–स्व0श्रीकांत शर्मा एवं ज्ञानचंद द्विवेदी पुत्र–स्व0 केसरी प्रसाद द्विवेदी जी को कांग्रेस का पट्टा पहनाकर उनको सम्मानित किया एवं उनका आशीर्वाद लिया। आशु दुबे ने कहा कि यह लोग हमारे जनपद ही नहीं हमारे देश के धरोहर हैं, उनके परिवार के लोगों ने जिस तरीके से नमक आंदोलन से लेकर अंग्रेजों ‘भारत छोड़ो आंदोलन’ के साथ देश की आजादी में अपने घर, परिवार की चिंता किए बिना महात्मा गांधी जी, पंडित जवाहरलाल नेहरू जी,, लाल बहादुर शास्त्री जी, सरदार वल्लभभाई पटेल जी के साथ कम से कदम मिलाकर लड़ाई लड़ने का काम किया और देश को आजादी भी दिलवाई, हमें सीख लेनी चाहिए कि आज हम जिस तरीके से स्वतंत्र भारत के लोकतंत्र में रह रहे हैं इसकी देन हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ही हैं। कल 9 अगस्त है, 9 अगस्त क्रांति दिवस के नाम से भी जाना जाता है उसकी पूर्व संध्या पर शहीद स्थल पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित करते हैं। हम यह उम्मीद भी करते हैं कि आज की पीढ़ी के लोग उनके बातों और उनके विचारों को आत्मसात कर इस देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देंगे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के चंद्रकांत शर्मा ने कहा की 8 अगस्त 1942 को जब ‘भारत छोड़ो आंदोलन’ की शुरुआत हुई समूचे भारत में नौजवान ,किसान, व्यापारी, आम जनमानस सब एक साथ मिलकर इस लड़ाई में कांग्रेस का, महात्मा गांधी का साथ दिया और इस देश को आजादी दिलाने में अपना योगदान दिया, उन्होंने अभी कहा कि पिछले 40 वर्षों से यहां पर कार्यक्रम हुआ करते हैं इसमें लोग इस शहीद स्थल पर आकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करते हैं।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।